cities. However, Kuala Lumpur has set an ideal example of dealing with urban poor. In Kualalumpur there have been elaborate structural programmes to encourage hawkers through loans of capital to set up stalls, providing all cleaning facilities or providing various designs of stalls, even new designs of push-cart and mobiles of different sizes. They have fully recognised their needs and therefore, their programmes are well advanced and form part of national policy design to increase employment opportunities in Malaysia. It is unfortunate that I have to quote examples of foreign countries. I would not like to do it. But because our town planners, our policy makers, in the case of urban development often find wtstern cities more beautiful. I have tried to give illustrations of foreign countries. In day-to-day life hawkers have to deal with a number of different Government departments. They are pushed from pillar to post to solve their day-to-day problems. Today the plethora of Government departments concerned with a policy and action in regard to hawkers in most of the cities gives rise to confusion, corruption and high cost in the city administration. There is also hardly any consultation with hawkers' representatives whenever any change in policy or rules or actions is to be brought about. Decisions are taken by the authorities high-handedly. The authorities never even think of consulting the associations of hawkers and vendors or even individually. Therefore, I urge upon the Government to take up this issue very seriously. Hawkers and vendors are not organised sufficiently strongly. They have not been able to put up their case as strongly as industrial workers have done. I suggest there is need for an integrated authority to be set up whose primary responsibility would be the coordination and effectiveness of the urban distribution system. Let us take them as an integral part of the urban distribution system. Let us first recognise them, accept them, as part of the urban distribution system and then put them into a proper perspective. If hawkers are regarded as a major element of this system if we accept that they are an integral part of the system, then their administration and policy should also be part of the integrated authority concerned with public markets, with hawkers, and the entire distribution system in general. There is no administrative structure on these lines in our cities today. Any authority such as this should have provision for adequate consultation between representatives of the distribution trade and officials so that a policy can be developed based on a two-way relationship. I would like to quote an example of the city of Ahmedabad as I am associated with an organisation of self-employed women workers and half of the membership happens to be hawkers and vendors. In our downtown market, namely, Manek Chowk market, as in other cities, they were being harassed We went to the Supreme Court and the Supreme Court gave us a favourable judgment. The Supreme Court gave licences and asked the Municipal Corporation to design an alternative scheme for giving space to the hawkers and vendors in consultation with the associations or unions of these hawkers and vendors. So it is possible to have a dialogue and to find a way out. What I have found usually is that the whole problem is felt so overwhelming that no one wants to sit down and find a solution. The measures adopted for our hawkers should be aimed at increasing their integration into the urban economy and not jettisoning them from it, not only because they make a significant contribution to the city's economy but also in view of the fact that hawkers generally form part of the urban poor. Measures such as arrest, removal and the like simply increase their poverty. I emphatically urge the Government to view this problem in a wider perspective of poverty and unemployment, of a wider perspective of development and employment. Therefore, I would like to request that measures toward hawkers and vendors should be made a part of the broader structure of policies designed to improve the standards of living and welafre of the low-income populatton in the cities.

[Smt. Ela Ramesh Bhatt]

Sir, it is not necessary that integrated measures would involve costly investments. No Numerous examples, practical examples, of simple and integrated measures to help the hawkers can be outlined like multi-purpose use of space, structural measures like making capital resources available—of course, this we are doing through out banks—providing facilities like drinking water, sanitation, garbage disposal toilets child care, transport, cold storage, etc. They do not involve a great cost. But they bring a tremendous amount of relief to these people. In the City of Ahmedabad—we have got figures— the Municipality there earns every day Rs. 21.000/- from these hawkers and vendors by way of fines from these poor people. At least from the amount of these fines one can plan for providing such facilties like drinking water, toilet, child care, etc. Such measures cost little and produce positive results.

There is always an attempt to keep the hawkers off the streets. The hawkers are an integral part of the urban economy. Measures to squeeze them out of the markets are disruptive. Our planners want our cities to be efficient. However, it is ironical that even when the Western city planners are bemoaning the sterility of the automobile-dominated cities and are producing plans for the return of street markets and giving high regard to pedestrian traffic, our city planners are planning to remove them; But the fact does remain that we need to preserve the tradtional elements of cities, not simply for the romance of preserving the traditions, but as a matter of necessity. We need city plans of our own kind. Therefore I urge that we need a strong, firm and committed intervention of the Government at the national level.

Why am I asking for a national policy? It is because we badly need intervention at the national level to give a direction to the entire questton of urban development: for whom our cities are made or designed, who and what should have priorities in framing urban policies, recognising the existence of the contribution and problems of these people in the urban economy, helping the States to decide the criteria to consider land use plans in such a way that it makes for the integration of informal and formal sectors, etc. Then we should have innovative ideas and liberalise location policies. For example, the allocating plots of land for establishing complexes in the cities, space for vendors and hawkers can also be provided within that complex. They can give directions to encourage studies in the field of education and research in urban planning and urban planning and development. They can help them by giving guidelines for the issue of licences, fixing vending zones, fixing pedestrian zones, etc. So, at the national level also we want a national policy because it is a serious subject of employment self-employment. It is a serious subject of preserving and protecting the existing employment of the vast urban poor. If not, they would go begging or bottlegging. We require a new changing perspective of development. And that can come from the national level in consultation with the States and the associations of vendors and hawkers. It requires a certain distance, a perspective, to view the problem as a whole, and which very often is not there at the local levels. At local level unfortunately, it becomes a hotbed of corruption, of petty politicking and *goondaism*.

Therefore I would urge upon the Government to have a national policy.

Thank you.

The question was proposed.

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश): उप सभाध्यक्ष महोदय, श्रीमती ईला भट्ट जी ने जो संकल्प उपस्थित किया है इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं, बहुत जानकारीपूर्ण और बड़ी विस्तृत व्याख्या के साथ उन्होंने इसको प्रस्तुत किया है। इसके दो पहलू हैं एक मानवीय और दूसरा संवैधानिक। जहां तक मानवीय पहलू का संबंध है, इसमें कोई दो राय नहीं कि उजड़ते गांव और बसते हुए शहर आज एक समस्या बन गए हैं। हमारे गांवों में जो छोटे-छोटे रोजगार धंधे थे वे आज समाप्त

प्राय: हो गए हैं । जब वह छोटे काम और धंधे गावों में समाप्त हो गए तो लोग शहरों की तरफ तेजी से आने लगे । रोजी-रोटी की तलाश में वे शहरों की तरफ आ रहे है और यही एक समस्या है जिसकी इस संकल्प मे विस्तृत चर्चा की गई है । पहले यह था और आज भी कुछ है कि शहर से लोग सामान लेकर गांवों में जाया करते थे, सामान बेचने और व्यापार करने के लिए और मैंने वह सारा जमाना देखा है । जो मसाले होते है इनको पीठ पर लादे गांवों में लोग घूमा करते थे । धनिया, जीरा, काला नमक आदि चीजें घोड़ों और टट्टुओं पर लादकर गांव-गांव में जाते थे व्यापार करने और सामान बेचकर अपनी रोज़ी-रोटी कमाते थे । इसी तरह हमने देखा है घोड़ों पर रुपया बांटते फिरा करते थे और उस पर सूद बहुत लेते थे । उसमें बहुत काबुली पठान होते थे । पुराने वक्त के और वह भी गांवों में जाकर कपड़ा दिया करते थे । मैंने गांवों में देखा है कि वहां पर विभिन्न प्रकार की सामग्री लेकर लोग जाते थे, अभी भी जाते है परन्तु उसका रूप बदला हुआ है । लेकिन अब वह उलटी ही समस्या हो गई है और गावों के लोग शहरों में आ रहे है अपनी रोज़ी-रोटी कमाने के लिए हाकर बनकर और बेचने का समान लेकर शहरों के मोहल्लों में जाना चाहते है और जा रहे हैं । मेरी उनसे पूरी हमदर्दी है, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है जो कि संवैधानिक है । वह यह है कि जब हम उनको हर तरह की इजाजत देते हैं तो कुछ तो प्राय: मैंने देखा है बच्चों के लिए आइसक्रीम ले जायेंगे और आइसक्रीम खराब करने की चीज होती है तथा बच्चों को बीमारी भी हो जाती है । क्योंकि अच्छी चीज तो बेचने वाले वह होते नहीं और हों तो उन्हें घूमफिर कर बेचने की आवश्यकता ही न पड़े । यह एक बहुत गंभीर मामला है । दूसरा घूम-घूम कर बेचने से कानून-शिकनी तो होती है इसमें कोई शक नहीं, लेकिन पुलिस भी ज्यादती करती है और म्युनिसिपैलिटी के कर्मचारी भी ज्यादती करते हैं, इसलिए उनको लाइसेंस दे दिए जाएं तो वह परेशानी से बच सकते है । म्युनिसिपैलिटी की तरफ से जो छोटी-छोटी दुकानें बनाई जाती हैं उनमें उनको प्राथमिकता दी जानी चाहिए । बहुत से फल विक्रेता राजेन्द्र प्रसाद रोड पर रहते थे और अब वह दुकानों में बैठे हुए हैं । इसलिए कुछ व्यवस्था तो उनके लिए होनी चाहिए । आजकल अपराधों का भी बड़ा भय शहरों में है । बेचारी महिलाएं घरों में अकेली होती हैं और कई लोग सामान बेचने के बहाने से ही अपराध कर जाते है । इसमें थोड़ा समझने की बात है । अब तो यहां तक हो गया है कि टेलीफोन ठीक करने आदि के नाम से लोग घरों में चले जाते है और अपराध कर चले आते हैं । मैं स्वयं भुक्तभोगी हूं कई बातों का इस तरह से । इसका दूसरा पहलू संवैधानिक बता रहा था, सिपेथी पूरी है, बेकार लोगों को रोजी-रोटी देनी ही चाहिए । इसकी व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन यह नहीं कि जहां चाहा, लोग आकर बैठ जायं, जहां चाहा काम करने लगें । इससे तो उनका भी नुकसान होता है और समाज को या दूसरे लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ता है ।

मैं अधिक न कहते हुए इस बिल का समर्थन में कहूंगा कि उन्होंने बड़ी विस्तृत व्याख्या की है । इसमें जो निहित है उनकी भावना, वह यह कि एक तो हमारे गांव के बेकार लोग शहरों में आ जाते है, उनको रोजी-रोटी कैसे दी जाए । यहां आकर झुग्गी-झोंपड़ी मे लोग बस जाते हैं, वह मकान बनाने के काम पर लग जाएंगे या बिल्डिंग के काम पर लग जाएंगे या सड़क के काम पर लग जाएंगे । जो सरकारी बड़ी-बड़ी योजनाएं हैं शहरों में उनके लिए अगर गांव मे लोग नहीं आएं तो यह काम भी अधूरा होना है, तो आते हैं बेचारे । लेकिन उनके जो रहने की व्यवस्था है, ठहरने की व्यवस्था है झुग्गी झोपड़ियों में, न उसमें पानी की व्यवस्था है, न लाइट की व्यवस्था है, न स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक हैं, उनकी टट्टी-पेशाब जाने की व्यवस्था ठीक नहीं । वे लोग आते है रोजी की तलाश में, रोटी की तलाश में, लेकिन उनके ठहरने की व्यवस्था उतनी अच्छी नहीं है । मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि हमारी जो योजनाएं हैं शहरों की उन योजनाओं को पहले ठीक करना

[श्री राम चन्द्र विकल]

चाहिए और यह भी सोचना चाहिए कि कितनी बड़ी आबादी हम शहर की रखना चाहते हैं ।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं दिल्ली की बात कहूं । मैंने दिल्ली को चारदीवारी में देखा है, जिसमें गेट होते थे, जैसे यह अजमेरी गेट तुर्कमान गेट, दिल्ली गेट, लाहौरी गेट और एक दो और गेट थे , चारों तरफ दीवाल के गेट थे, यह हमको पढ़ाया जाता था । यह नई दिल्ली जो बनी है यह तो हमारे सामने बनी है और अब तो दिल्ली की कोई सीमा नहीं है और जो चाहे जहां से आकर बस जाता है । यह जो हैजा की बीमारी यहां चली है, मैं तो अभी उस तरफ गया था, मैंने देखा-पहले तो लोग आकर यह अनधिकृत कालोनियां में बस गए, पहले हम यह इजाजत दे देते है, फिर हम उन पर ज्यादती करते हैं । इस तरह यह डबल काम हो जाता है । तो शहरों की आबादी कुछ सीमित होनी चाहिए कि इस आबादी से बड़ी आबादी का शहर नहीं बसने देंगे और उद्योग हम शहरों से हटकर लगाएं तो फायदा यह होगा कि जो लोग आकर के एक ही जगह जमा हो जाते हैं, वह बंट जाएंगे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़े शहर, चाहे वह बम्बई ही हो, उसकी हालत भी यही है । मैंने खुद बम्बई में देखा है बड़े पाइप में लोग पड़े हुए हैं, उसी में खाना बना रहे हैं, रह रहे हैं, गरीबी में, परेशानी में वहां रह रहे हैं । इसी तरह से बम्बई जो अच्छा शहर कहलाता है, उसकी गलियों से निकलें तो बड़ी बदबू आपको मिलेगी क्योंकि लोग अव्यवस्थित ढंग से आकर बस जाते हैं । इसी तरह से कलकत्ता को लें या किसी दूसरे बड़े शहर को लें, उन सब की स्थिति ऐसी ही है । लोग यहां आते हैं—दिल्ली-दिल्ली करके, हमारे यहां एक मजाक में कहावत भी है कि गांव के आदमी को दिल्ली का खराब फल मिल गया, वह उसे खा रहा था तो दूसरे ने कहा यह क्यों खा रहे हो ? पहला कहता है कि खाता तो नहीं, लेकिन दिल्ली से आया है इसलिए खा रहा हूं । तो खराब चीज भी शहर से अगर चली जाय तो उसको गांव के लोग अच्छी मान लेते हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर कोई खराबी भी बड़े शहर में हो जाए तो उसे अच्छाई में लोग समझते हैं बहुत दिन तक, हालांकि उसका नुकसान बड़ा होता है । शहरों की जो कालोनी बसी हैं, उनमें कुछ में सड़कों की व्यवस्था नहीं है, नालों की व्यवस्था नहीं है, पानी की व्यवस्था नहीं है । मैं अभी दिल्ली के किशनगंज और शकरपुर, जहां बड़ी आबादी है, वहां गया था हैजे के बाद, चार दिन पहले की बात कहता हूं, आज सफाई हो गई हो तो कह नहीं सकता, लेकिन चार दिन पहले देखा गंदगी के ढेर पड़े हुए हैं और बहत वहां बदबू आती है ।

तो उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो अंधाधुंध शहरों में आबादी आती जा रही है, चाहे वे गरीब लोग हों, हमें इन शहरों को व्यवस्थित बनाना चाहिए कि इतनी बड़ी आबादी होने पर हमें दूसरा शहर बनाना है । इण्डस्ट्रीज दूसरी जगह लगानी चाहिएं, जहां कि बेकार लोग उन इंडस्ट्रीज में पैदल आकर या साइकल से आकर काम करें और पांच-दस मील के फासले पर हों । मैं कहूंगा कि हमारी योजनाओं में सामंजस्य नहीं है, चाहे वह आठवीं पंचवर्षीय योजना बन रही हो या सातवीं पंचवर्षीय योजना हो । इन योजनाओं में कोई तारतम्य नहीं हो पाया है, जोकि योजना के लिए जरूरी है । पहले तो हम शहरों की आबादी की योजना को निश्चित करें कि हमें शहरों को किस आबादी तक बसाना है । आबादी सीमित रहने से जो लोग रहेंगे, वे अवैध रूप से तो नहीं आएंगे कम से कम । तो यह सारी बातें इसमें हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल की इस भावना का भी हृदय से समर्थन करता हूं, बेकार लोग मजबूरी में जो शहरों में आते हैं, उनको इजाजत दी जाये या ना दी जाये, यह जरा विवादास्पद विषय है । उनको काम करने की हर तरह से व्यवस्था की जाय । उन को ठहराकर दुकान दे दें, उनकी रिहायशी का इंतजाम कर दें, उन के लिए टट्टी-पेशाब का इंतजाम कर दें क्योंकि यह तो मनुष्य की आवश्यकता है । मुझे

उन गरीबों के साथ पूरी सहानुभूति है जो गांवों से काम की तलाश में शहरों में आ रहे है। साथ ही हमें गांधीजी के बताए रास्ते पर चलकर गांव में ही छोटे उद्योग खोलना चाहिए। आज दूसरे काम जैसे चमार का काम, लोहार का काम, बढ़ई का काम, धोबी का काम---ये सारे हमारे गांवों से छिन गए हैं। वहां के लोग बेकार हो गए हैं और इस तरह जमीन पर दबाव आ गया है। आज छोटी जमीन वाले किसानों के लड़के नौकरी की तलाश में शहर-शहर घूम रहे हैं। यह एक सच्चाई है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बार फरुंखाबाद गया था, सन् 1952-53 में जबकि मैं एसेम्बली का मेंबर था। वहां के फौज के अफसर ने फौजी कैंप दिखलाना शुरू कर दिया। वहां मेरे गांव के पास के दो बच्चे घास छील रहे थे। वहां सुबह यह सब काम करना पड़ता है। मुझे देखकर बेचारों ने खुरपी रख दी और आकर कहने लगे कि आप गांव में जाकर मत कहना कि वहां हम घास छील रहे हैं। वे किसान के लड़के थे लेकिन उन्होंने गांव में खेती का काम नहीं किया। सोचते थे नौकरी में बड़ी इज्जत होती है। दूसरी जगह मैं गया वहां सूअर रखे जाते थे। उनके लिए चावल का आटा नालो में डालते थे। गांव में तो इसे मेहतर का काम कहते थे। वे कहने लगे आप गांव में मत कह देना। हमारी रोटी पानी बंद हो जाएगी। इस तरह रोजी-रोटी की तलाश में बेचारे जाते हैं और जो भी काम करना पड़ जाय वे कर लेंगे। चाहे लोहार का काम हो, बढ़ई का काम, धोबी का काम, नाई का काम और जो खेती में सहायक दूसरे काम हमारे गांवों में बड़े अच्छे होते थे। लेकिन आज बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियों ने सारे काम ले लिए। आज जरूरत इस बात की है कि छोटे उद्योग गांवों में कैसे पनपाएं जाएं? तभी हम बढ़ती हुई आबादी के दबाव को योजनाबद्ध तरीके से रोक सकते हैं और जो यहां आ ही जाएं उनको लायसेंस देकर व्यवस्थित ढंग से काम करने की इजाजत देनी चाहिए। मैं इस संकल्प की भावना से पूरी तरह सहमत हूं पर मेरी थोड़ी-सी शिकायत यही है कि लोग व्यवस्थित रहकर काम कर सकें तो ज्यादा अच्छा है।

SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, the hon. Member, Smt. Ela Ramesh Bhatt has raised a very vital point regarding these poor people of our country. These people who are in petty business, who are a vital link in our social and economic life, have long been neglected. I feel that it is a great social injustice done to these people. Sometimes these people cannot do their business properly in one place. And interested people drive them away from place to place. Even their living is so bad that they live like pigs. They lead such a pitiable life that they do not have proper sanitation, they do not have proper drinking water, not to speak of clothing to their children. I feel that it is a great sin that these people have been so neglected. And we people, the politicians or the Government, think of these people at the time of elections because we need their votes and we think of these people at a time when we want to bring out a morcha. During that time we feel the importance of these people. And we do not care about the condition of these people on whom 50 per cent of the people of the country rely upon.

Secondly, Sir, these people are coming to towns not because of luxury or for a romantic purpose. They are coming to towns because they have got no land to rely upon. That is why they are coming to towns. They do not have proper qualifications to get good jobs. That is why, to feed their families, they resort to some sort of petty business. But their earning is so poor that they cannot maintain themselves properly, cannot maintain their homes and they do not live a decent life just as men do. I think it is a very vital issue raised by hon. Member, Elaji, and I urge the authorities concerned to pay heed and accept the suggestion made by the Member. I say this because if it is not done sometimes these people will revolt and they will surely shake the bottom of the society not to speak of the Government. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATYANARAYAN REDDY): Shri Singhji, not here.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आंध्र प्रदेश) : जनाब वाइस चेयरमैन साहब, मैं मोहतरमा ईला रमेश भट्ट ने जो रेज्योलूशन पेश किया है उसकी भरपूर तारीफ करने के लिए खड़ा हुआ हूं इस वजह से कि यह वक्त की अहम जरूरत है। आजादी के बाद यह देखा गया कि लोग देहातों से शहर की जानिब रुख करने लगे और वे अपने रोजगार के लिए अपनी रोटी के लिए देहात से शहर मुंतकिल हुए। इसकी वजह एक यह भी है कि खुद हुकूमत भी इसकी जिम्मेदार है। इस वजह से कि देहात में जो सहूलियतें देहातियों के लिए वहां पहुंचानी चाहिए थीं, हुकूमत ने वह सहूलियतें नहीं पहुंचाई जिसकी वजह से देहात के लोग मजबूर हो गए और रोजगार की तलाश में देहात छोड़कर, गांव छोड़कर शहर मुंतकिल हुए। चुनाचे इन 40 बरसों में हमने यह देखा कि आजादी के वक्त के जो बड़े-बड़े हिन्दुस्तान के शहर हैं जैसे बम्बई है, कलकत्ता है, दिल्ली है, मद्रास है, इस किस्म के बड़े शहर की आबादी में कई गुना इजाफा हो गया---दुगुनी, तिगुनी बल्कि मैं यह कहूंगा कि चार गुनी से भी ज्यादा हो गई। इसकी वजह यह है कि हुकूमत ने जितनी भी इंडस्ट्री कायम की, वे इन्हीं बड़े-बड़े शहरों में कायम कीं। फिर इसके अलावा बिजनेस का जो सेन्टर हुकूमत ने बनाया तो जाहिर है कि इन्हीं बड़े शहरों में बनाया और इन बड़े शहरों में रोजगार हासिल करने के लिए बेहतर से बेहतर मौकाके आवाम को मिलने लगे। तो देहातियों ने देखा कि रोजगार अगर हासिल करना है तो हमको शहर जाना पड़ेगा, चुनाचे इन लोगों ने शहर की तरफ रुख किया। जहां बड़े शहरों की आबादी में कई गुना इजाफा हो गया तो जाहिर है कि इन शहरों की रोजमर्रा की जिन्दगी की चीजों के लिए भी जाहिर है कि वहां के कारोबार भी दिन प्रतिदिन बढ़ते चले गए और जो हाकर्स और छोटे-छोटे विन्डर्स होते हैं उनकी तादाद बढ़ती चली गई और यह जो हाकर्स और छोटे-छोटे विन्डर्स हैं इनके कारोबार कोई हजारों-लाखों के कारोबार तो नहीं हैं बल्कि इनके कारोबार सौ में या एक हजार या दो हजार के कारोबार होते हैं। कहीं तरकारी बेचते हैं तो किसी जगह मछली बेची जाती है, किसी जगह खाने-पीने की चीजें मुहैया की जाती हैं। गोया यह कि इन शहरियन की जरूरत की चीजें ये हाकर्स और छोटे-छोटे विन्डर्स इनको पहुंचाते हैं। इस तरह से वे उन शहरियों की खिदमत करते हैं तो गोया वे अपना रोजगार भी कमाते हैं और साथ ही साथ उन शहरियों की खिदमत करना भी उनका मकसद होता है। कोई चोरी के जरिए, कोई डाके के जरिए, कोई गुण्डागर्दी के जरिए वे अपना रोजगार नहीं कमा रहे हैं बल्कि जायज और अच्छे मक्सद की खातिर वे अपने छोटे-छोटे धंधों में मसरूफ हैं। मगर हम यह देख रहे हैं कि इन कारोबार में जब वह मसरूफ रहते हैं तो जाहिर है कि किसी किस्म का लाइसेंस वगैरा उन लोगों के पास नहीं रहता। जाहिर है कि फुटपाथ पर, सड़कों पर वे लोग कारोबार करते हैं और पुलिस की ज्यादती आम तौर पर देखने में आती है। वैसे तो पुलिस नजर-अंदाज भी कर सकती है मगर रिश्वत लेने की खातिर वह उन बेचारे गरीब हाकर्स और छोटे-छोटे विन्डर्स को परेशान करती है। रोजाना मामूल वसूल करते है। इसके अलावा जो म्युनिसिपल अथोरिटीज हैं, उनके जो इंस्पेक्टर्स हैं उनकी भी नजरें इन बेचारे गरीब हाकरों, छोटे वेंडर्स पर रहती है। वे भी इन लोगों को सता कर पैसे और मामूल वसूल करते हैं। इन चीजों से हट कर यह देखा गया है कि खुद मार्किटिंग के लोग इन लोगों को सताते है। ये लोग मुखतलिफ डिपार्टमेंट के होते हैं और ये गरीब बेचारे लोग उनके शिकार बनते हैं। न तो इनको किसी किस्म की कानूनी सहूलियत है और न इनको कोई रोजगार की गारण्टी दी गयी है। 40 साल के गुजरने बाद भी इन लोगों का बेहतरी के लिए कुछ नहीं किया गया है। इस वजह से मैं कहता हूं कि हुकूमत को चाहिए वक्त की अहमियत को समझे। देखे कि उनकी क्या-क्या प्रोब्लम्स है और उन प्रोब्लम्स को हल करे। सबसे अहम प्रोब्लम यह है कि वह खिदमत कर रहे हैं और खिदमत के तहत ही वे अपने गांव

से शहर में आये है। जाहिर है सबसे पहले उन को रहने के लिए मकान की जरूरत है। इस किस्म की हाउसिंग प्रोब्लम को हल करना हुकूमत की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इससे हट कर उनको कारोबार करने के लिए जिन चीजों की जरूरत होती है उन चीजों को भी मुहय्या करना हुकूमत का फर्ज है। उनको कर्ज देना चाहिए, लोन देना चाहिए ताकि वे अपने कारोबार को बेहतर से बेहतर अंजाम दे सकें। उनको आपको छोटी-छोटी दुकानें बनाकर देनी चाहिएं ताकि उनका जो माल है, उनके जो असेट्स हैं वह उनमें रह सके और अपने कारोबार को बेहतर अंजाम दे सकें। तीसरी अहम बात यह है कि उनको लाइसेंस भी दिया जाना चाहिए। उनको एक कानूनी शकल देना बेहद जरूरी है। जब तक आप कानूनी शकल नहीं देंगे उस वक्त तक म्युनिसिपल अथोरीटी, मार्किटिंग अथोरिटी, आप यकीन मानिये हर वक्त उनको सताती रहेगी। जिस मकसद के लिए वे बेचारे ऐक गांव से जहां शहर में आये हैं और सही और जायज धंधा कर रहे हैं वे मकसद उनका पूरा नही हो पायेगा। इस वजह से यह जो रेजोलूशन हमारी मौजिज साहिबा ने पेश किया है उसकी भरपूर ताईद करता हूं और हुकूमत से यह दर्खास्त करता हूं कि नेशनल सतह पर, कौमी सतह पर पालिसी बनाइये और ऐसी पालिसी बनाइये कि होकर्स जो होते हैं, वेंडर्स होते है उनके वैल्फेयर के लिए, उनके रोजगार के लिए, उनकी सहूलियत के लिए तमाम चीजें मुहैय्या हो सकें। इन तमाम चीजों से हट कर सबसे अहम बात यह है उनका जो कारोबार चल रहा है उस कारोबार को कानूनी शकल दें। इतना कह कर मैं इस रेजोलूशन की भरपूर ताइद करता हूं।

श्री हरि सिंह (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, श्रीमती ईला भट्ट जी का जो प्रस्ताव है उसकी भावना और उसके मूल में जो सवाल है उसका हल, उसका सोल्यूशन, उसका समाधान होना चाहिए। इस भावना की, स्प्रिट की मैं तारीफ करता हूं, प्रशंसा करता हूं। आज जितने बड़े शहर हैं चाहे वे हिन्दुस्तान के हों, चाहे अफ्रीकन हों, एशियन हों या दूसरे मुल्क के हों यह समस्या लगभग सभी में है। इस समय [illegible] फेरी वाले, रेहड़ी [illegible] तादाद में हर शहर में [illegible] अपना काम करते दिखाई [illegible]। ये लोग जो शहर में आकर [illegible] हैं ये अधिकतर वे लोग [illegible] सर छिपाने के लिए [illegible] होती। जिनका न कोई [illegible] न कोई आंगन होता [illegible] कोई फेमिली तो ऐसी [illegible] गांवों में सताये होते [illegible] रोजगार नहीं मिलता [illegible] रोजगार की तलाश [illegible] जाते हैं। गांवों में [illegible] नही देता है। मजदूर [illegible] दस रुपये कमाने [illegible] आ जाते हैं।

[उपसभाध्यक्ष (डॉ. [illegible]) पीठासीन हुए]

ये लोग शहरों [illegible] कर अपनी जीविका चलाते [illegible] कमाते हैं। अब हमारे सामने सवाल यह आता है कि क्या [illegible] शहरों की व्यवस्था खराब हो रही है? आप जानते हैं कि हमारे शहरों में भीड़ बढ़ रही है। पटरियां [illegible] ढके जा रहे है। हमें इस समस्या पर मानवीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिए। हमारे देश में इतनी बेरोजगारी है। सब लोगों को रोजगार नहीं मिलता है, काम धन्धा नहीं मिलता है। यह भी नहीं हो सकता कि इन लोगों को पूरी स्वतंत्रता दे दी जाए कि जो जहां चाहे खोमचे लगा ले। अगर ऐसा किया गया तो सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाएगा, ट्रैफिक की गाड़ी वहां से नहीं निकल सकेगी। इसलिए ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए कि इन लोगों को रोटी [illegible] का मौका भी मिल [illegible] भाड़ भी न हो। लेकिन [illegible] ये लोग एक स्थान पर [illegible] हैं। ये तो बहते लोग हैं। [illegible] स्थान पर रहते हैं किसी किनारे [illegible] पर रहने में सड़क के [illegible] वट भी नहीं है, उन लोगों [illegible] ड़ज

[श्री हरि सिंह]

करने में कोई दिक्कत नही होनी चाहिए । ऐसे लोगों के लिए सरकार ने छोटे-छोटे स्टाल भी बना रखे हैं, चाहे वे म्युनिसिपल कमेटी ने बनाये हों, या अन्य संस्थाओं ने बनाये हों, इन पर इनको अपना काम धन्धा करने का मौका दिया जाना चाहिए। दिक्कत उन लोगों के लिए आती है जो झाड़ी लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं । ये सस्ती चीजें भी बेचते है । इनके लिए भी कुछ इस प्रकार की व्यवस्था की जा सकती है कि ये अपनी चीजें ढक कर बेचा करें । उनको स्वास्थ्य के नियम बताये जा सकते हैं । मैं समझता हूं कि इन फेरी लगाने वालो और खोमचे वालों की समस्या बड़ी विकट है । यह भी नहीं हो सकता है कि इनको अन्धा-धुन्ध बढ़ने दिया जाय । मैंने कर्नाटक में देखा कि श्री देवराज अर्स के जमाने में इन लोगों को छोटी-छोटी दुकानें दी गई हैं । उसी प्रकार की व्यवस्था की जा सकती है । हमारे सामने यह भी समस्या है कि हमारे शहरों की आबादी बढ़ती जा रही है । शहरों के आस-पास हमें सेटेलाइट टाउन बनाने हैं । विकल जी ने कहा कि शहरों में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां खोली जाय । लेकिन देहातों में लोग रहना नहीं चाहते हैं । हैण्डलूम सबसीडी पर चल रहा है । आज खादी लग्जरी हो गई है । उसको मेंटेन करना मुश्किल हो गया है । यह सरकारी अनुदान पर चल रही है । सरकार की नीतियां अच्छी नीतियां है । लेकिन समस्या यह है कि गांव और शहर सभी जगह हमारी आबादी बढ़ रही है । यहां पर उसकी प्रतिध्वनि होनी है । यह राष्ट्रीय समस्या क्या है इसका क्या उपाय होना चाहिए इसकी प्रतिध्वनि होती है । माननीय सदस्यों ने के सम्मुख जो प्रस्ताव रखा है वह, काबिले तारीफ और मैं समझता हूं कि सरकार का उस तरफ ध्यान भी है । आप देखें कि ऐसे लोगों को किसी न किसी शक्ल में आबाद किया जाता है, उनको लाइसेंस भी दिया जाता है और उनके लिये कुछ न कुछ नये तरीके निकालकर उनको बिठाया जाता है । लेकिन अधिकतर यह देखा गया है कि पुलिस इन लोगों को तंग करती है, मारपीट करती है, और उनके साथ दुर्व्यवहार करती है । हां, जो उनको पैसा देते रहते हैं उनका काम चलता रहता है । इस प्रकार यह दो तरह की बात है इसको सरकार रोक सकती है । जो मेहनत करके सिर पर सामान लादकर अपनी बीबी के साथ, अपने बच्चों के साथ समान बेचता है, अपनी रोजी रोटी चलाता है, उनको पुलिस द्वारा या नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा तंग किया जाना और उनका सामान ले जाना मुनासिब नही है । यह सब करना हमारे डेमोक्रेटिक मुल्क में, हमारे प्रजातांत्रिक देश में मुनासिब नही है । मैं इस प्रस्ताव की भावना से सहमत हूं और मेरा यह आग्रह है कि जब भी कोई नयी टाउन प्लानिंग हो जब भी कोई नया शहर और मार्केट बनाया जाय तो उनमें कुछ स्टाल लाजिमी तौर पर ऐसे लोगों को अलाट करना चाहिये । ये लोग फुटपाथ पर पैदा होती हैं, वही जवान होते हैं और वहीं बुड्ढे होते हैं । इनका वही घर होता है । आखिर मैं जरुर उनको फूंकने के लिए जगह मिल जाती है । अगर हिन्दु हुआ तो वह जलकर यहां से चला जाता है और अगर मुलमान हुआ तो कब्रिस्तान में चला गया । यह हिन्दुस्तान में इन लोगों की जिन्दगी है । जो हिन्दुस्तान की इस धरती पर पैदा होता है हम चाहते हैं कि उसको काम भी मिलना चाहिए और उसको जिंदा रहने के लिए काम करने का हक भी होना चाहिए । इसके लिये उसको सहूलियतें मिलनी चाहियें । जो लोग दफ्तरों में काम करते हैं, बैंकों में काम करते हैं उनकी तनख्वाहें ज्यादा होती हैं लेकिन जो खेतों में काम करते हैं, सामान ढोते हैं, निर्माण का काम करते हैं जो मेहनत करने वाले लोग हैं उनको बहुत कम मजदूरी मिलती है । हमारे यहां यह जो चल रहा है जो हाकर्स की समस्या है यह देश के सामने एक राष्ट्रीय समस्या है । इसके लिये एक कमीशन या एक कोई बाडी केन्द्रीय स्तर पर बनानी चाहिये और सारे हाकर्स का रजिस्ट्रेशन होना चाहिये और

इसके बाद जितनी भी जल्दी हो सके उनको आबाद करने का प्रयास करना चाहिये । ये लोग भी देश की यूजफूल सेवा करते हैं । इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है । साथ ही साथ आप देखें कि आप दिल्ली में चले जाइये जो कार वाले हैं वे इनकी दुकानों में खाना खाते हैं, इनकी दुकानों से सामान खरीदते हैं वे वहां की बड़ी-बड़ी दुकानों में नहीं जाते हैं। यह इसलिये है क्योंकि वे सस्ता समान देते हैं और अच्छा सामान देते हैं । इस प्रकार अधिक साफेटिंग के खिलाफ ये एक तरह का आंदोलन चला रहे हैं । जो मुनाफा कमाने वाले लोग हैं, जो लोगों को लूटने वाले लोग है उनके खिलाफ उनका यह आंदोलन है । तो मैं चाहता हूं कि उनकी जिंदगी में भी स्थायित्व आना चाहिये । यह प्रस्ताव बहुत सामयिक है और हमारे देश की सरकार का ध्यान इन लोगों की तरफ जाना चाहिये । सरकार को इस तरह से आगे शहरों की प्लांनिंग करनी चाहिये जिसमें इन लोगों का भी ध्यान रखा जाय और इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए इनकों कुछ न कुछ सुविधा देकर इनको आबाद करने की कोशिश करनी चाहिए ।

श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी (आंध्र प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, श्रीमती ईला भट्ट ने जो प्रस्ताव सदन के सामने रखा है यह बहुत हीं अच्छा प्रस्ताव है और इसके पीछे जो भी भाव है उसको सरकार को समझना चाहिये । हिन्दुस्तान को आजाद हुए 40 साल हो गये हैं लेकिन आज भी कई समस्यायें देश के सामने हैं और खासकर ऐसी समस्यायें जिनकी तरफ महात्मा गांधी जी ने देश का ध्यान दिलाया था । इन समस्याओं को मद्दे नजर रखते हुए कानून को बनाना है । महोदय, आज जो प्रस्ताव हमारे सामने है सरकार का ध्यान इस ओर दिलाता है कि आज भी हजारों लोग सड़कों पर हैं और सड़कों पर वे अपनी जिंदगी गुजारते हैं । वे मजबूर हैं, उनको कोई न कोई काम चाहिये । इसलिय पहले से ही हमारी मांग यह रही है खासकर समाजवादी विचार-धारा रखने वालो की उन्होंने पहले से ही यह विचारधारा देश के सामने रखा और उसके अनुसार हमारे कांस्टिट्यूशन में राइट टु वर्क का अधिकार दिया जाये । जब तक यह नहीं होगा तब तक लोग ऐसे ही कामों को जिन्हें यह दाग समझेंगे उनको अख्तियार करेंगे । आज हम देखते हैं कि यह जो फेरी वाले हैं हाकर्ज हैं वेंडर्स हैं सारे देश में बड़े बड़े शहरों में बड़ी तादाद में हैं । दिल्ली, मद्रास कलकत्ता तथा हैदराबाद आदि शहरों में इनकी तादाद दिन-पर दिन बढ़ती जा रही है । इसके बढ़ने की वजह भी है और वजह यह है कि बेरोजगारी बढ़ती जा रही है *क्योंकि इस समस्या का हल नहीं निकाला गया है* । जो फेरी वाले हैं वेंडर्ज हैं हाकर्ज हैं, उसमें बच्चे बूढ़े और गरीब लोग हैं और औसत तबके के लोग हैं । इन लोगों की जो समस्यायें हैं उनका हल सरकार को ढूंढना चाहिये । अगर समाज को एक अच्छे ढंग से ढालना है समाज को ताकतवर बनाना है जो समाज का कमजोर तबका है और निहत्था है उसको ताकतवर बनाना है मजबूत बनाना है । सरकार को चाहिये कि वह सब के रोजगार के लिए इन्जाम करे । इन लोगों ने अपने तौर से अपना रोजगार पैदा कर लिया है यह लोग छोटे छोटे काम करते हैं चीज बेचते हैं उनको कोई दूसरा धन्धा नहीं मिला, नौकरी नहीं मिली, सरकार ने उनके लिए कोई प्रबन्ध नहीं किया इसलिए अपने तौर पर उन्होंने अपना काम शुरू किया है तो कुछ सहूलियतें सरकार की तरफ से उनको पहुंचानी चाहिये । प्रस्तावक महोदया ने तीन चार चीजों की तरफ ध्यान दिलाया है । पहला उन्होंने कहा कि —

to formulate a national policy for the hawkers and vendors by making them a part of the broader structural policies aimed at improving their standards of living.

उनके स्टैंडर्ड आफ लिविंग को ऊंचा बनाने के लिए कोई नेशनल पालिसी बननी चाहिए सरकार की तरफ से क्योंकि उनको हमने हवा में छोड़ दिया है उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया है । न सिर्फ हाकर्ज

[श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी]

और वेंडर्ज के लिए बल्कि आम जनता की सेहत का भी सवाल इससे जुड़ा हुआ है। आजकल आप देखते हैं कि कहीं हैजा फैला हुआ है कहीं कोई दूसरी बीमारी फैल रही है। इसके कई कारण हो सकते हैं। यह बीमारियां खराब पानी की वजह से अन-हाइजिनिक कंडीशंस की वजह से खाने पीने की चीजें ठीक न होने की वजह से फैल सकती हैं। यह हाकर्ज भी खाने-पीने की कोई चीज बेचते हैं सड़कों पर खड़े हो कर बेचते हैं और चीजों को खुली रखते हैं ढंक कर नहीं रखते। स्कूलों के बच्चे इन चीजों को खा लेते है उनको यह पता नहीं चलता कि क्या चीज खानी है और क्या नहीं खानी है। अब जो हाकर्ज और वेंडर्ज है उनको तो अपना धन्धा करना है, पेट पालना है तो सरकार को इसकी तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इसके लिए कोई ऐसी नेशनल पालिसी बनानी चाहिये ताकि वेंडर्ज और हाकर्ज अपना धन्धा ठीक जगह पर और ठीक ढंग से कर सकें। इसके साथ साथ उनके प्रोटेक्शन के लिए मक्खी वगैरह न बैठें कम से कम सरकार इतना तो कर सकती है कि उनको ऐसी चीजें प्रोव इड करे जिससे वे अपनी चीजों को ढंक कर रख सकें। उनको यह हिदायत भी दी जानी चाहिए कि इन चीजों को साफ रखना जरूरी है। इसलिए इसके बारे में एक नेशनल पालिसी होनी चाहिए।

दूसरा यह है कि--

protect their existing livelihood;

यह भी बहुत जरूरी है कि उनकी जिन्दगी ठीक ढंग से गुजारने के लिए सरकार को कोई व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि वह अपनी जिन्दगी को ठीक ढंग से चला सकें गलत रास्ते पर न जाएं और अपना धन्धा भी चलाएं। उनको प्रोटैक्शन हो गारंटी हो कि इस काम से वह अपनी जिन्दगी ठीक ढंग से गुजार सकते हैं।

तीसरा यह है कि--

provide legal access to the use of available space in urban areas;

कई ऐसे इंस्टीसेज हैं कि उनको जबरदस्ती अपनी जगह से निकाला जाता है। कोई जगह तो म्युनिसिपेलिटी उनको जगह प्रोवाइड करती है, लेकिन इस से भी उनको कई दिक्कतें आ जाती हैं जब कभी उनके दिल में आता है उनको जगह म्युनिसि-पेलिटी वाले हैं देते हैं और जब दिल में आए तो उनको वहां से निकाल भी देते हैं। इसके साथ साथ जो दूसरी अथार्टीज पुलिस वाले या दूसरे लोग हैं जिनके हाथ में सत्ता है वह उनका हर तरीके से हैरासमेंट कर सकते है। सताते हैं उनसे रिश्वत लेते हैं। हर तरीके से वे परेशान करते हैं। सरकार को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि वे यह महसूस करें कि इस किस्म का हैरासमेंट नहीं होगा, हमको कोई दिक्कत नहीं होगी। इन तमाम चीजों में कानूनी तौर पर सरकार को उनको मदद पहुंचानी चाहिए, चौथा यह है :

"make them a special component of the plans for the urban development, by treating them as an integral part of urban distribution system;"

पांचवा है :

"give them legal status by issuing licences and providing exclusive hawking zones;"

और छठवां इश्यू है :

"issue guidelines for action at local levels."

ये तमाम चीजें जरूरी हैं, जैसे लीगल स्टेटस, इश्यू प्रापर लाइसेंसेज, यह सब करना चाहिए। कई वारदातें ऐसी हैं, कोई कई इंसीडेंट्स है जहां बगैर लाइसेंस के लोग चलाते हैं। इनका ज्यादा हैरासमेंट होता है चाहे म्यूनिसिपल अथारिटीज से ही हो या पुलिस अथारटीज से हो। जो इन कामों में लगे हुए हैं फैरी वाले हैं, सरकार को चाहिए कि इनकी जिन्दगी को ठीक बनाने के लिए

इनके धंधे को ठीक करने के लिए कानूनी तौर पर उनको लाइसेंसेज वगैरह इश्यू करे । सरकार की ऐसी योजना बनानी चाहिए कि सारे देश में हर बाजार में जहां भी इस तरह के काम करने वाले लोग हो इनके लिए सांइटिफिक बेसिस पर हाइजिनिक कंडीशंस बनायी जाये जहां पर बैठकर ये अपना काम चला सकें । बाजारों में हम देखते हैं और खास तौर से जो बड़े शहर दिल्ली, कलकता, हैदराबाद बम्बई आदि हैं वहां जितने भी हाकर्स है ये जगह जगह भटकते रहते हैं । एक जगह से निकालते हैं तो दूसरी जगह चले जाते हैं दूसरी जगह से हटाते हैं तो तीसरी जगह चले जाते है। उनको कोई प्रोटेक्शन है ही नहीं । सरकार को इनके लिए कोई न कोई इंतजाम करना चाहिए । इस धंधे में लाखों लोग लगे हैं। इनकी कम तादाद नहीं है, लाखों की तादाद में ये हैं और ये ज्यादातर उस तबके से आते हैं जो गरीब हैं, जिनको कोई नौकरी नहीं , कोई जमीन नहीं, कोई खेती नही है, कोई उद्योग नहीं है । इस काम को सरकार को दिलचस्पी से अपने हाथ में लेना चाहिए और इस पर ध्यान देना चाहिए ।

जो प्रस्ताव श्रीमती इला रमेश भट्ट जी ने सदन के सामने पेश किया है इसका मैं पूरी तरह से समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि सरकार इस तरफ ज्यादा ध्यान देगी और इस समस्या को हल करेगी तथा इस प्रस्ताव के पीछे जो भाव है उसको मानेगी । जय हिन्द ।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, I compliment Shrimati Ela Bhatt for espousing the cause of that section of our society which has not been lucky enough to draw the attention of Parliament for lot many years. She has vividly narrated the plight and travails of the poor vendors and hawkers in many areas of the cities.

Sir, the influx of labour and other poor people to the new towns and to the expanding towns is inevitable. This is a concomitant facet of development. The result is mushroom growth of colonies lacking basic amenities. The inhabitants of these colonies and other downtown conglomerations turn to the hawkers and vendors for their daily needs, whether these be essential commodities or any other items of common use. With today's run-

4.00 P.M. away inflation, the people of the middle-class and the lower-middle-class families cannot afford to go shopping to posts shopping complexes, but wait eagerly for a hawker at the door-step or go to a vendor on the road-side for buying their wares at cheap rates. The fact that the vendors and hawkers cater to the needs of a vast majority of the populace of big cities confers no privilege on them. They are rather poor, self-supporting, hard working people who strive hard to eke out a living in quite an unfavourable environment and they thus save the nation from further compounding the gigantic problem of unemployment.

In a welfare society, one of our essential functions is to create more and more job opportunities for the expanding population. These hawkers and vendors do not expect the society to really help them by creating jobs for them, but it is quite unfortunate when we find that this important segment of society is rather treated with contempt by all alike, whether it be the town planners, the estate office, the municipal Corporations or the police.

The poor hawkers and vendors also often earn the wrath of the big shopkeepers, who, mostly feel that by squatting in the open spaces in the local markets, these people affect their business. The result is the formation of an unholy alliance between the big businessmen and the officials of the estate offices etc. to let all hell break loose on the poor vendors and hawkers.

As Shrimati Ela Bhatt very pathetically pointed out to the difficulties and hardships often faced by the vendors and hawkers in big cities, one just has to see it for himself the plight of these poor people when on the sight of a policeman they hurriedly gather their wares and run to save themselves and their goods from the clutches of the police and other enforcement agencies. Indeed a very telling

[Shri Pawan Kumar Bansal]

example was given by the mover of the Resolution when she pointed out to a glaring inequality that prevails in our system in as much as there can be enough space for parking of cars of the affluent sections of our society, but there can be no space that could be allotted to the poor vendors to sell their goods. Sir, this calls for a very clear-sighted policy that we have to adopt towards the vendors and hawkers. I do agree that the right which we espouse for the vendors cannot be turned into a licence to permit them to obstruct the traffic, in any way mar the beauty of our new complexes or in any way add to the pollution in any particular city. But, nevertheless, Sir, it is the need of the hour that the town planners in future keep that need of the hawkers and vendors in mind and not be oblivious of the needs of the lower strata of society. While planning new towns or adding new sectors to the existing towns, we should ear-mark sufficient place for the hawkers, for the vendors to sell their goods and eke out a living.

Sir, one example, a homely one which I cite in this context is the experiment of the Punjab Agricultural Marketing Board and the Chandigarh Administration in encouraging what we call "Apni Mandi" in the big cities. A big plot of land is ear-marked for the farmers, for the producers of the agricultural goods to bring their produce to the space there and by eliminating middlemen, fresh fruits and fresh vegetables are directly sold to the consumers, It is indeed very heartening to find that people not only from middle class but people from upper middle class also throng to these "Apni Mandis" to make purchases from there. This example should become a model for our town planners in the future.

Sir, it was pointed out by the hon. Member while moving the Resolution that a number of glaring inequalities persist in our laws and various enactments as far as those relate to the question of protecting poor people who earn their livelihood by roaming around with their wares or by occupying a small space somewhere on the roadside. It is high time that we recognise, we own up our acts whereby these inequalities are permitted and have a look at the problem in right-perspective. As far as the Central law is concerned, maybe, a model law is prepared after formulating a just policy which can be circulated to the different States and Union Territory Administrations in this regard. Only then, Sir, we will be able to discharge our responsibility towards those well-meaning and hard working citizens, who are not a burden on society, who do not ask for any unemployment allowance and who do not clamour raising the slogans of right to work, but all that they want is, some sort of understanding from the elite of the society and if we come up to our responsibilities towards them, only then, they would not be appendages, as Shrimati Ela Ramesh Bhatt lamented about the plight of the vendors and the hawkers, but become partners in the progress of the nation. Thank you, Sir.

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष, जी हमारी सरकार का संकल्प है, हर गरीब के आंस पोछने का, हमारी सरकार का संकल्प है आम आदमी के जीवनस्तर को बेहतर बनाने का, हमारी सरकार का संकल्प है आम आदमी को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाने का। इन्हीं संकल्पों को मद्दे नजर रखते हुए आदरणीय ईला भट्ट जी ने अपना संकल्प प्रस्तुत किया है जिसका समर्थन करने के लिये मैं खड़ा हुआ हूं जो कि आम आदमी-रेहड़ी और फेरी वालों के संबंध में है, उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के संबंध में है।

मान्यवर, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। मेरी जानकारी में पहली बार रेहड़ी और फेरी वालों की जो दयनीय और मार्मिक स्थिति है, उसके संबंध में यहां चर्चा हो रही है। इन रेहड़ी वालों की स्थिति का वर्णन मैं प्रख्यात कवि दुष्यंत जी के शब्दों में करना चाहता हूं :—

कहीं पर धूप की चादर बिछाकर बैठ गए कहीं पर शाम को सिरहाने लगाकर बैठ गए ।

जले जो रेत में तलवे तो हम ने यह देखा बहुत से लोग वहीं छटपटाकर बैठ गए ।

मान्यवर, इन के लिए भी अपनी रोजी-रोटी का, जीवन-यापन का, परिवार के पालन-पोषण का सवाल होता है जिसके लिए ये लोग इतनी दयनीय स्थिति में होते हैं । इन्हें इस बात के लिए मजबूर होना पड़ता है कि चाहे जितनी भी प्रताड़ना झेलनी पड़े चाहे कितना ही इनका शोषण हो चाहे इन से कितनी ही रिश्वत ली जाये लेकिन बच्चों के पेट की खातिर ये लोग ठेला लगाते हैं, अपनी रेहड़ी लगाते हैं और खोमचा लगाते हैं और उसे माथे पर रखकर हर द्वार पर दस्तक देते हैं और लोगों को उनकी जरुरत की चीजें उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं ।

मान्यवर, हमारे प्रथम प्रधान मंत्री का नारा था "आराम हराम है ।" पंडित नेहरु के बाद लाल बहादुर शास्त्री जी ने नारा दिया "जयजवान, जयकिसान ।" युवा हृदय सम्राट संजय जी ने नारा दिया, "बातें कम काम ज्यादा ।" स्वर्गीय इंदिरा जी ने नारा दिया, "गरीबी हटाओ ।" लेकिन इससे आगे बढ़कर हमारे देश के प्रधान मंत्री, गरीबों के मसीहा श्री राजीव गांधी ने नारा दिया "गरीबी हटाओ और बेकारी हटाओ ।" इसी श्रृंखला में, इसी को मद्देनजर रखते हुए, "इन्हीं भावनाओं के अनुरुप ईला भट्ट जी ने यह संकल्प प्रस्तुत किया है । हमारे देश की जो वितरण प्रणाली है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली है, वह अत्यंत दूषित है, उसमें बहुत खामियां हैं । राशन की शॉप से उपभोक्ता को जरुरत की चीजें सही समय पर, सही दाम पर और सही रूप में, सही रुप में से मेरा मतलब है बगैर मिलावट की चीजें जो उन्हें मिलनी चाहिए जो उन्हें उपलब्ध होनी चाहिए । मैं बड़े अफसोस के साथ कहना चाहता हूं कि वे प्राय: नहीं मिल पाती । तो जब सार्वजनिक वितरण प्रणाली दूषित हो जब उपभोक्ता को सही समय पर, सही दाम पर समान न मिले, चारों ओर चीजें दिन प्रतिदिन मंहगी होती जा रही हों और जब बेरोजगारी बढ़ती जा रही हो तो इन सब चीजों के प्रकाश में जब कि गांव से शहरों की तरफ पलायन बढ़ता जा रहा हो, नौजवान पीढ़ी अपने रोजगार के लिए दर-दर भटकती जा रही हो तब रेहड़ी और फेरी लगाना अपने आपको स्वावलंबी बनाना है । जब आदमी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयास करे, स्वावलंबी हो तो सरकार की तरफ से उन्हें प्रेरित किया जाना चाहिए, उनका उत्साहवर्धन होना चाहिए । और मेरा आपसे निवेदन है, जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने बताया कि वे लोग, हिन्दुस्तान में आज भी 60 प्रतिशत से ऊपर वे लोग हैं जिनके पास वाहन नहीं हैं । वाहन के अभाव में वे लोग सूपर मार्किट नहीं जा सकते । कम समय में जो फेयर प्राइस शॉप दूर में हैं वहां जा नहीं पाते हैं । कई जगह तो यह सुनने में आता है कि जो गरीब मजदूर है, उसका जो कोटा है वह एक सप्ताह में ही खतम हो गया और इसलिए अब उसे आवश्यक वस्तुएं हैं, वे नहीं मिल पाएंगी ।

मान्यवर, आपने भी दौरों के दौरान देखा कि जहां सूखा पड़ा, बाढ़ आई, कई जगह यह शिकायत आई कि मजदूरों को मजदूरी समय पर नहीं मिल पाई और बाद में जब वे राशन की दुकानों पर गये तो उनको कहा गया कि आपका कोटा खत्म हो गया है । तो ऐसी स्थिति में जब उनको सही समय पर सही दाम में सही सामान न मिल पाये और ये रेहड़ी वाले उनको यही सामान उपलब्ध कराने की कोशिश करें तो उनका यह कदम एक सराहनीय कदम होगा, ऐसी मेरी मान्यता है इससे उनकी आर्थिक मदद भी होती है कई दफा ऐसा भी होता है कि कोई अपनी पसन्द की चीज नहीं ला पाते हैं क्योंकि उसमें गृहणी की पसन्द भी होती है । घर में अगर कोई सामान लेकर आता है तो उसमें घर के सारे सदस्यों की पसन्द शामिल हो

[श्री सुरेश पचौरी]

जाती है । अमुक वस्तु ठीक रहेगी, इतने दाम में ठीक रहेगी, इस प्रकार यह ठीक रहेगा तो अपने घर में ही समय की बचत के साथ, पेट्रोल की बचत के साथ सही चीज उपलब्ध कराया जाना, यह रेहड़ी वालों का एक सराहनीय प्रयास है इसलिये सरकार की तरफ से उन्हें जितनी भी सुविधायें दी जा सकती हैं, दी जायें ।

माननीय, हमारे देश की जो स्थिति है, हमारे देश की जो परिस्थिति है वह पाश्चात्य देशों से तालमेल नहीं खाती है बहुत भिन्न है । तो यदि हम उस लीक पर चलें जिस लीक पर कि पाश्चात्य देश चल रहे हैं और हमारा टाउन प्लानर इस हिसाब से नक्शा खींचकर बैठ जाये कि इससे इस की सुन्दरता में बाधा आयेगी, सौन्दर्य-करण पर कहीं न कहीं दाग लग जायेगा यह बात सही माने में हमारे देश पर लागू नहीं होती । हमारे देश की जो अवस्था है, जो परिस्थिति है, हमारे देश का जो वातावरण है उसमें कुछ विभिन्नता है, जो हमारे देश में गरीब लोग ज्यादा रहते हैं, हमारा कृषि प्रधान देश है तो यहां पर जो छोटी-छोटी बारीकियां टाउन प्लानर निकालते हैं, जो अन्य दुकानें ज्यादा जगह घेरती हैं उसकी अपेक्षा इनको यदि कोई खास जगह निर्धारित कर दी जाये किसी बड़ी जगह पर और वहां उनको सारी सुविधायें उपलब्ध करा दी जायें तो उसकी अपेक्षा ये कम जगह घेरेंगी ।

जहां तक लाइसेंस का प्रश्न है तो लाइसेंस देने में भी इनको कई दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है । मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि उनको कई पुलिस वालों को, प्रशासकीय अधिकारियों को रिश्वत देनी होती है । इसके साथ-साथ उनका शोषण भी उनको सहना पड़ता है उनकी प्रताड़ना सहनी होती है इन सारी स्थितियों से गुजरना पड़ता है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि ये लोग जो असंगठित हैं इनके लिये सबसे पहले जो छोटी-छोटी चीजें होती हैं जैसे तेल है, छोटे-छोटे सामान होते हैं सही समय पर उपलब्ध कराये जायें । सही दाम पर इनको उपलब्ध कराया जाये । ये जो सामान बनाते हैं वह ताजा सामान होता है, प्रदूषण रहित सामान होता है । हमारे यहां जो बीमारियां फैल रही हैं वह प्रदूषणयुक्त खाने से फैल रही हैं जैसा मेरे पूर्व वक्ता ने बताया जो छोटे-छोटे ठेलों पर सामान मिलता है वह शाम तक पूरा खत्म हो जाता है । फिर उसमें ऐसी बात नहीं है कि बासी सामान मिल रहा हो जो अन्य बड़े बड़े पाश जगहों पर सुनते रहते हैं कि फ्रिज में रखा हुआ सामान मिलता है और दो-दो दिन तक चलता है । जब सारी बातें उनमें मिलती हैं तो मानवीय आधार पर कुछ अलग ढंग से उनके लिये विचार किया जाना चाहिये । लाइसेंस देने में जहां नियमितता नहीं है, जहां परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहां समय निर्धारित करना चाहिये । कम से कम 5 वर्ष के लिए लाइसेंस दिया जाये । मेरा यह भी आग्रह है कि ऐसा लेजिस्लेशन लाया जाये जो इन्हें सारी असुविधाओं से दूर रख सके और उन्हें शोषण से मुक्ति दिला सके । उन सब परेशानियों का सामना न करना पड़े जिसकी वजह से कई बार अपने आप बड़ा असहाय सा महसूस करना पड़ता है । इस प्रकार की नीति निर्धारित की जानी चाहिये उपयुक्त समय पर इला भट्ट जी यह रेजोलूशन लायी है तो हम जहां इस बात के लिये कृतसंकल्प है कि आज हम आम आदमी के जीवन स्तर को बेहतर बनायेंगे इस श्रृंखला में यह भी एक संकल्प है, ऐसा मेरा सोचना है ।

मेरी अपनी मान्यता है कि ये लोग किसी प्रकार से शहरों के विकास में अवरोध पैदा नहीं करते, किसी प्रकार से व्यवधान पैदा नहीं करते इसलिये यह बहाना प्लानर्स का कि अरबन एरियाज के डवलपमेंट में कहीं न कहीं ये ओब्स्टेकल है यह बात कहीं भी मेल नहीं खाती । श्रीमती ईला जी जो संकल्प लायी है वह अपने आप में काफी सराहनीय है । मैं तो यह कहूंगा कि हम सब लोगों को कृतज्ञ होना चाहिये कि उन्होंने इस तबके को छुआ है जो तबका अपने आप को काफी प्रताड़ित असहाय महसूस करता है । मैं उन्हें बधाई इन शब्दों में देना चाहूंगा कि "जिन आंसुओं का ताल्लुक थाड है उन आंसुओं के साथ तेरा नाम जुड़ गया । आपने उन आंसुओं को पोंछने की कोशिश की ऐसी मेरी मान्यता है ।

इसके साथ ही मेरा सरकार से भी निवेदन है कि इस सदन में चर्चा करने से काम नहीं चलने वाला है हमें कुछ निर्णय लेना होगा । इस प्रकार का निर्णय लेना होगा कि ये लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें ये लोग किसी पर असहाय न होकर अपना खुद का रोजगार चला सकें। सरकार जो कि आम आदमी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिये कृतसंकल्प है उस श्रृंखला में कुछ हुआ है ऐसा ये लोग महसूस कर सकें । इस संबंध में पूरा सदन एक मत होगा मेरा ऐसा विचार है । निश्चित रूप से सरकार को कोई कारगर कदम उठाना चाहिये ! एक नीति निर्धारित करनी चाहिये, कोई निर्णय लेना चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं और सरकार से उम्मीद करते हुये यह कहता हूं :

इस रास्ते का नाम लिखो एक शाम और
या इसमें रोशनी का करो इंतजाम और !

श्री भंवर लाल पंवार (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, श्रीमती ईला रमेश भट्ट के इस संकल्प से सहमति व्यक्त करते हुए मैं अपनी मिश्रित प्रतिक्रिया भी व्यक्त करना चाहता हूं भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दिल की इच्छा थी, उनका सपना था जिसको लेकर उन्होंने एक जिहाद छेड़ा था कि जुरीब वह दिन देखे ताकि वह मूल धारा में जुड़कर राष्ट्र के विकास में भागीदार बन सके उसी कार्यक्रम में हमारे पंडित जी ने, श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने आगे कदम उठाये और हमारे नवजवान प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी ने अपने देखा होगा कि इन 1985, 1986, 1987 और 1988 और 1989 के बजट में होकर्स, कोयलर्स और बार्बर्स के लिए एलोकेशन किया । इन लोगों के लिए फण्ड का एलोकेशन करते हुए उनको रोजगार देने के लिए योजनाएं बनाई ताकि वे लोग लाभान्वित हो सकें। ऐसे बजट के माध्यम से प्रावधान किया वही एक कड़ी है जिसके साथ यह संकल्प भी जुड़ा हुआ है ।

वैसे तो यह मुद्दा राज्य सरकारों, केन्द्र शासित प्रदेशों से संबंधित मसला है, इसलिए मैं उन राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस सदन में जो चर्चा हुई हैं उस पर मनन करके इसकी भावनाओं के अनुरूप उन रेहड़ी वालों और फेरी वालों को राहत पहुंचाये । मान्यवर, आपको और माननीय सदस्यों को अभी हाल में ही सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक टी० वी० सीरियल दिखाया गया था, उसमें आपने देखा होगा कि दो संगठन बनाये गये हैं । एक पैदल चलने वालों का है और दूसरा फेरी वालों का जो पटरी पर बैठकर काम करते हैं, उनका है । उन दोनों में संघर्ष दिखाया गया है । वे एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा के रूप में चलते हैं । आखिर में निष्कर्ष के रूप में यह बताया गया है कि पैदल चलने वालों को भी सड़क पर चलने का अधिकार है और अन्य लोगों को भी अपनी रोजी-रोटी कमाने का अधिकार है । उनको भी अपना जीवनयापन करने का अधिकार है उनको भी स्थान मिलना चाहिए । सीरियल के माध्यम से बताने का प्रयत्न किया गया है । हम भी किसी की आड़े में नहीं आयें, उनके लिए अलग से स्थान निर्धारित करें । दूसरे लोग भी सड़क पर चलें । मान्यवर, कानून की दृष्टि से राजस्थान हाई कोर्ट ने एक जजमेंट दिया है । वन्स ए वे इज आलवेज ए वे । सड़क के रूप में न तो स्थानीय स्वायत्तशासी संस्थाओं को और न किसी अन्य को अधिकार है और न ही किसी को निर्धारित समय के लिए लीज पर दिया जा सकता है । यह एक कानूनी प्रक्रिया है । उसी संदर्भ में हमें इस समस्या का हल निकालना होगा । इस समस्या की उत्पत्ति कैसे हुई ? समस्या की उत्पत्ति बढ़ती हुई आबादी के कारण हुई है मैं मानता हूं कि जैसा हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि आने वाले 15-20 वर्षों में इस परिवार नियोजन के माध्यम से यदि हम जनसंख्या पर काबू पा लेंगे तो इस समस्या का समाधान हो सकता है । हम विश्व में अपने आप को यह दर्शाये कि

[श्री भंवर लाल पंवार]

हम भी नियोजित रूप से कोई काम कर रहे हैं। बाहर से आने वाले व्यक्तियों को यह लगे कि हमारा एक साफ सुथरा और सुन्दर देश है, सुन्दर राष्ट्र है। इस रूप में हमें इस समस्या की ओर देखना होगा

महोदय, ये जो हाकर्स हैं, ये जो फेरीवाले हैं उनके साथ बुधारी तलवार वाली बात है। उनके संबंध में यह कहा जाता है और इस समस्या को हमें इसी तरह से देखना चाहिए कि ये फेरी वाले लोग गांव से आकर शहर में अपना कारोबार करते हैं। शहर वाले लोग जो हाकर्स के रूप में काम करते हैं तो मान्यवर आप इस समस्या को इस तरह देखिए कि एक गांव का व्यक्ति शहर में हाकर्स का काम करने वाले की बात में फंस जाये तो उसकी क्या हालत होती है। आप चांदनी चौक में पटरी पर बैठने वाले लोगों की तरफ ध्यान दें तो अगर कोई गांव वाला उनकी चंगुल में फंस जाये तो वे 5 रुपये की चीज को 50 रुपये में देते हैं। क्योंकि उसको वास्तविक स्थिति का पता नहीं होता इसलिए जो कपड़ा 5 रुपये का होता है और जब वह उसको 50 रुपये का बताता है तो वह उसको ले लेता है। इस प्रकार से ये हकार्स उन गांव से आकर काम करने वाले हाकर्स को भी बदनाम करते हैं। इसलिए हमें इस समस्या को इस दृष्टि से भी देखना चाहिए। गांव से आकर यहां काम करने वाले अपनी रोजी रोटी चलाने के लिये अच्छा से अच्छा माल देते हैं, अच्छी से अच्छी सर्विस देते हैं, घर घर जाकर अपनी रोटी कमाते हैं। तो उनके लिए हमारी सहानुभूति होनी चाहिए। लेकिन ऐसे व्यक्तियों के लिए हमारी सहानुभूति नहीं हो सकती है जो हाकर्स व्यवस्था को भंग करें या चोर बाजारी के रूप में इस काम को करें। हमें हाकर्स के संबंध में इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए कि वे ग्राहकों को सही माल दें, माल सही तोलें या नापें, भाव निश्चित हो और माल में स्थायित्व हो। जो स्थायी दुकानदार हैं उनके साथ यह समस्या पैदा नहीं होती क्योंकि ये आज एक जगह पर होते हैं और दूसरे दिन दूसरी जगह पर चले जाते हैं इसलिए कोई इनसे शिकायत भी नहीं कर सकता। हाकर्स का कोई भरोसा नहीं होता क्योंकि दूसरे दिन वह वहां से गायब रहता है। इसलिए इसको इस दृष्टि से भी देखना आवश्यक है।

महोदय; मुझे जोधपुर शहर की नगर परिषद में अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर मिला है और इस समस्या को मैंने नजदीक से देखा है। मैंने यह पाया है कि अगर ये लोग नियंत्रित रूप में अपना काम करें, लोकल सेल्फ गवर्नमेंट के नियमों के अनुसार काम करें तो ये आवागमन की व्यवस्था में बाधक नहीं हो सकते। इनके लिए हम लोगों को स्वायत्त शासी संस्थाओं के जो नियम और उप-नियम बने हुए है उसके अनुसार उनका टाइम निश्चित कर दें तो इसमें कोई समस्या नहीं आयेगी। यह समय तक किसी जगह पर इस तरह का काम हो सकता है उसके बाद नहीं हो सकता है। इससे आवागमन में भी बाधा नहीं पड़ेगी और उनकी रोजी रोटी पर भी इसका कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। दिल्ली में भी आप देखें रेलवे स्टेशन से आते समय दरियागंज में सुबह 7 बजे तक हजारों की तादाद में हाकर्स रोड पर सब्जी लिये बैठे रहते हैं और 7 बजे रोड बिल्कुल साफ हो जाती है। इसी तरह स्टेट गवर्नमेंट और लोकल सेल्फ गवर्नमेंट नियम बनाकर स्थान और समय निर्धारित कर इस काम को कर सकते है। इस मिश्रित प्रतिक्रिया के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलबीर सिंह) : उपसभाध्यक्ष महोदय, श्रीमती ईला भट्ट जी ने हाकर्स और वेंडर्ज के लिए जो संकल्प प्रस्तुत किया है यह बड़ी खुशी की बात है। इसमें मेरा कहना है कि जो गरीबों के लिए रेहड़ी वालों के लिए जो देहातों से शहरों में आते हैं इस दृष्टि से देखते हुए उनको देखते हुए भारत सरकार ने छठी पंचवर्षीय योजना मे सोचा। बहुत से लोग गांवों से रोजी रोटी की तलाश

में शहरों में आते हैं इनके लिए केन्द्रीय शासन ने एक योजना बनाई छोटे और मझौले शहरों के लिए योजना बनाई जिसमें यह प्रावधान रखा गया कि केन्द्रीय सरकार की तरफ से 50 प्रतिशत पैसा दिया जाएगा और 50 प्रतिशत स्टेट गवर्नमेंट्स अपने प्लान बजट में रखेंगी। इससे एक लाख तक की आबादी के शहरों में हम ऐसे लोगों के लिए शापिंग सेंटर्ज कायम करें ताकि लोग यहां पर न आएं छठी पंचवर्षीय योजना में 235 शहरों को हमने लिया और अभी सातवीं पंचवर्षीय योजना में 108 शहर लिये गये हैं। यह बड़ी खुशी की बात है कि प्लानिंग मिनिस्टर साहब भी यहां पर उपस्थित हैं। हमने पुनः निवेदन किया है प्लानिंग मिनिस्ट्री को क्योंकि यह जो योजनाएं है बहुत उपयोगी हैं और समय के भीतर होती हैं और छोटी छोटी म्युनिसिपेलिटीज़ में काम लिये जाते हैं छोटे छोटे शापिंग कम्प्लेक्स बनाए जाते हैं खास कर इन गरीब तबकों के लिए। हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि लोग ज्यादा छोटे शहरों से बड़े शहरों में न आएं। जहां तक इस बारे में एक नेशनल पालिसी बनाने का सवाल है वैसे भी हमारे प्रधान मंत्री जी ने नेशनल कमीशन आन अरबनाइज़ेशन सेट-अप किया है। उसमें यह सभी चीजें कवर कर दी हैं। इसकी इंटेरिम रिपोर्ट भी हमें जनवरी, 1987 में मिल गई है इस इंटेरिम रिपोर्ट में से कुछ अंश मैं यहां पर कोट करना चाहता हूं।

"The Commission is firmly of the opinion that unless the question of urban poverty is tackled, the energy of the poor utilised for productive activity and the environment created in which the informal sector becomes profitable, we cannot save our cities. The question of urban poverty is, therefore, receiving high priority attention from the Commission."

मैं जहां तक समझता हूं हमें आशा भी है हमें इंटेरिम रिपोर्ट मिल गई है खास कर आपने जो यहां पर मूव किया है उसमें प्रायः आपके सभी सुझाव कवर होंगे और हमारी जो फाइनल रिपोर्ट है उन्होंने स्वयं कहा है कि खास कर हम अरबन एरिया में स्वयं महसूस करते हैं कि जो गरीब तबके के लोग हैं उनके लिए हमारी किस तरह से पालिसी होनी चाहिए। मैं यहीं कहूंगा हमारी जो अरबन बेसेज सर्विसेज हैं और हमारे शहरों में जो सेल्फ इम्पलायमेंट प्रोग्राम हैं फार दी अरबन एरियाज यह भी हम ले रहे हैं। इस चर्चा में 9 माननीय सदस्यों ने भाग लिया है और श्री पंवार जी ने भी कहा कि खासकर यह राज्यों का विषय है और लोकल सेल्फ गवर्नमेंट का है। जहां तक प्लानिंग की बात है हम यहां से गाइडलाइंस भी भेजते हैं कि प्रोपर प्लानिंग हो। ईला भट्ट जी ने भी कहा कि इन लोगों के लिए प्रोपर प्लानिंग हो। आपने यह भी कहा कि पुलिस भी परेशान करती है। म्यूनिसिपेलिटी के लोग भी परेशान करते हैं लेकिन हम स्वयं यह महसूस करते हैं इसलिए दिल्ली में कारपोरेशन ने भी यहां स्थान नियत किये हैं जिसको तहबाजारी कहते हैं इसके लिए उनकी अपनी टर्म्स एंड कंडीशन होती हैं और वे उनसे किराया वसूल करते हैं। लेकिन अब मास इसमें जो लोग आते हैं, मैं आपकी बातों से सहमत हूं कि रोजी रोटी कमाने के लिए आते हैं लेकिन इसमें खासकर हमें यही कहना है कि स्टेट गवर्नमेंटस को भी इसको देखना चाहिए, लोकल गवर्नमेंट्स को भी इसमें हिस्सा करना चाहिए और इसके साथ साथ जो यहां पर सम्मानीय पचौरी जी ने भी भाषण में उदधृत किया मैं उनकी विचारधारा से पूरी तरह से सहमत हूं। लेकिन इसमें जो एक नेशनल पालिसी होनी चाहिए इस पर हमें कहना है कि हमारी चार्ल्स कोरिया कमिशन की रिपोर्ट है वह फाइनल आनी है और यह इसी का इन्टेग्रल पार्ट है। हम यह नहीं कह सकते हैं कि वेंडर्स और हाकर्स के लिए अलग से बनायें। सारी चीजें उसमें कवर होती हैं। ज्यादा कुछ न कहते हुए इतना कहूंगा कि हमारे सम्मानीय सदस्यगणों ने जो सुझाव दिये हैं उनको मैंने पूरी तरह से नोट किया है और जब भी कभी हमारी चार्ल्स कोरिया कमीशन की फाइनल रिपोर्ट आयेगी तो उसमें पूरी तरह से इन सब पर गौर किया जायेगा। मेरी यही रिक्वेस्ट है कि आपने जो रिजोल्यूशन मूव किया है इसको कृपया विदड्रा करें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ANAND SHARMA): Mrs. Bhatt, you can reply to the debate.

श्रीमती ईला रमेश भट्ट : कोई ज्यादा रिप्लाई तो नही करना है। जितने सदस्यों ने इस रिजोल्यूशन के ऊपर अपना समर्थन दिया इसके कारण मुझे विश्वास है कि जो बात हमने हाकर्स के लिए वेंडर्स के लिए कही है उसमें कुछ दम है। सरकार ने हमें विश्वास दिलाया है। सरकार का विश्वास कैसा होता है यह तो हमें मालूम है लेकिन हम जानते है कि जब यह रिपोर्ट आयेगी तब उस रिपोर्ट में से वेंडर्स और हाकर्स के बारे में कुछ नीतियां होंगी। हम आशा करते हैं कि उसमें इनका हल निकलेगा। एक उदाहरण मैं देना चाहती थी जो मैं अपने वक्तव्य में देना भूल गयी थी वह है कि जैसे अभी बम्बई में सेंसस हुआ तो उसमे कहते हैं चार लाख हाकर्स एण्ड वेंडर्स है:

They have totally stopped giving licences. So far, in Bombay, there are only 10,000 licences.

1964 से किसी को लाइसेंस नहीं दिया गया

Another example is of Ahmedabad where, in all, only 1164 licences were given in 1984.

उसके बाद एक भी लाइसेंस नहीं दिया। अगर आप तलाश करेंगे तो पायेंगे कि शहरों में लाइसेंस देना बंद कर दिया गया है। इसके लिए किसको बोलें। म्युनिसिपल और पुलिस दोनों इसमें हैं। इससे जो पाइंट निकलता है उससे यह साफ होता है कि इससे ज्यादा करप्शन बढ़ता रहता है। किसी को ध्यान नहीं है कि इसका हल निकाला जाये। कम से कम लाइसेंस तो दिया जाये। जिस तरह से आबादी बढ़ रही है उसके मुताबिक इनका कोई तो परिमाण होगा, उसी हिसाब से इन लोगों को लाइसेंस दिया जाये मैं आशा करती हूं कि आपके इस कमीशन में इन छोटी बातों के ऊपर भी ध्यान दिया जायेगा मैं यह भी आशा करती हूं कि आपका कमीशन इन लोगों को भी, इनके रिप्रेजेंटेटिव्स को भी बुलायेगा कि उनको क्या कहना है। इनको भी ठीक तरह से सुनना चाहिए। थैंक्यू।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ANAND SHARMA): Mrs. Bhatt, are you withdrawing your Resolution?

SHRIMATI ELA RAMESH BHATT: Yes, Sir, I beg to withdraw my Resolution.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ANAND SHARMA): Now, we move to the next Resolution, Shri Ashis Sen—not here. Yes, Shri Subramanian Swamy.

RESOLUTION REGARDING GENERATION OF INCREASED GROWTH RATE WITH A VIEW TO SPEEDY DEVELOPMENT OF THE COUNTRY

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Sir, I rise to move the following Resolution:

> Considering the unimpressive economic performance during the last forty years in our country and taking into account the experience of China and USSR, this House urges upon the Government to abandon the Soviet economic strategy adopted earlier and instead formulate the Eighth Five Year Plan on the economic model shaped by the postulates of Mahatma Gandhi, Sardar Patel, Jai Prakash Narayan and Chaudhry Charan Singh, in general, and the principles of economic decentralisation and self reliance, in particular, with the main thrust on the need to motivate people for self-employment by providing them adequate incentives and opportunities with a view to:—
>
> (i) generate a growth rate of ten per cent per year by placing more emphasis on agriculture employment generation and ensuring optimum utilisation of available resources through the effective use of market forces and fiscal policy; and

(ii) making India a fully developed country within one generation.

[**The Vice Chairman (Shri B. Satyanarayan Reddy)** in the Chair.]

Sir, the preceding Mover of the Resolution, Mrs. Ela Bhatt talked about self-employment and I also in this Resolution would like to place the emphasis on self-employment. The Father of the Nation or the Father of modern India, Mahatma Gandhi had throughout placed emphasis on this. I would, therefore, like to develop my points at length and I would like to seek the permission of the House to continue my speech in the next sitting for this occasion, because there is half-an-hour discussion at 5 o'clock and I do not want to speak only for 10 minutes now.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYANA REDDY): You can now speak for these ten minutes.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: But I would like to have a complete opportunity to develop my points. If I speak for ten minutes now, as there is a half-an-hour discussion at 5 p.m., I would like that to be taken up now, as it says as soon as the preceding items of business are disposed of, whichever is earlier, so I would like to continue next time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): You can continue next time, but till 5 o'clock you can speak.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: In that case the continuity of what I want to say will be disturbed.

श्री राधाकिशन मालवीय (मध्य प्रदेश) : सर, प्राईवेट मैम्बर्स बिल का समय पांच बजे तक है इसलिए तब तक उसको चलने दिया जाए ।

उप सभाध्यक्ष (श्री बी. सत्यनारायण रेड्डी) : प्राइवेट मैम्बर्स बिल पांच बजे तक चलते हैं, तब तक आप चलाइये और उसके बाद अगली आइटम लेंगे ।

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Sir, the purpose of my moving this Resolution is because the Eight Five Year Plan is being drafted. We have read in the newspapers many references to the formulation of the Eighth Plan. There was a statement by the Prime Minister that he would like the growth rate to be speeded up and then there was a meeting of the full Planning Commission and the full Planning Commission advocated a growth rate of 8 per cent. Now there is a rethinking going on. And the question is, what has been the experience of the last 40 years? In the last 40 years the growth of the national economy has been about little less than 4 per cent. And the Prime Minister says that it should be raised to 8 per cent. I am saying in my Resolution that the growth rate should be raised to 10 per cent. Why should it be 8 per cent or 10 per cent, I will discuss later. But just now, I would like to pose a very important question to this House as to whether without a change of strategy you can step up growth rate from a little less than 4 per cent to 8 per cent which the Government wants. The Government wants to develop the growth rate of national economy and I would like to know whether it is possible and I would like the House to know and would like the Government to answer whether without change of strategy, the growth rate can be stepped up from 4 per cent to 8 per cent. That is a question which I am sorry to say the Government has not been speaking about. They have been talking about change of policy here or there. But the fact of the matter is that growth rate of 4 per cent has not solved the fundamental problems of the country. The fundamental problems of the country are unemployment, poverty, lack of amenities, lack of adequate consumer goods, lack of housing, lack of purchasing power lack of minimum standard of living—these are some of the fundamental problems and for these fundamental problems what has the Government achieved so far. The fact of the matter is that the people living below poverty line are in huge numbers; the number is not less than 200 million, and the number of illiterates is also about 200 million. The incidence of disease, the impact of infant

[Shri Subramanian Swamy]

mortality level, the physical quality of living, which is an important index, is still very poor for India. We boast that India is the seventh largest industral power in the world. We were the seventh largest industrial power in the world in 1947, and today we are not the seventh largest industrial power in the world; we are probably 14th or 15th. Now, which are the countries which have got ahead of us? Those are countries like Honk Kong—a small island, Singapore, Taiwan, South Korea; of course, not to speak of Japan. These countries have gone very far ahead. So, with the 4 per cent growth rate, (a) internationally your position is being lost, and (b) the problems that need to be solved, such as unemployment and poverty, cannot be solved. So, to that extent, I am in agreement with the Goernment that growth rate should be stepped up but the disagreement is whether it could be done without change of strategy. With every plan, unemployment has increased; the number of people unemployed has increased; it has not decreased. Even the backlog in every plan has not been cleared. It is now pretty obvious by looking at the Employment Exchange registers, looking at the sample surveys of National Sample Survey data and all these data, that poverty and unemployment have actually increased and the Government is not in a position to enforce the Directive Principles of the Constitution which say about right to work, that there should be full employment and everyone should have an opportunity for employment. The Government is not able to implement it. Of course, Directive Principles are not binding on the Government; it is by way of direction; it is by way of suggestion. Now, after 40 years, you have not only not solved unemployment problem, it has actually increased and it is now clear that many of the problems that we have in the country today, at the political level, are due to growing unemployment in the country. Take Punjab problem. There are a number of political aspects to it but there is an important economic aspect which does not come out and that is that Punjab has certainly achieved a certain degree of agricultural prosperity. But the younger generation does not want to work on the land particularly because if they work on land, it will get reduced in size because the land will have to be divided among the family members. So, after completing education, they rush to the cities in Punjab and look for employment. It is because in Punjab, there has been a policy—an erroneous policy in my opinion which has been followed—an unwritten policy that because it is a frontier State, we will not have major industrial projects. Of course, that policy is now being chaned because of all that has happened. But for the last forty years, people who came into the cities looking for employment found none. This has caused serious discontent. Therefore, this unemployment problem is present everywhere. Take, for instance, Tamil Nadu. It is the most literate State in the country today; very highly literate. It is the second most literate State in the country. But now this State is among those States which have the highest unemployment rate. This is because of the strategy, the economic strategy, being followed, that has been followed, all these years and the application of the strategy in various parts of the country.

Therefore, Sir, I would say that the most fundamental point is that there should be a change of strategy. A change of strategy is very essential. This is essential not only for achieving the objective that Government themselves have stated; to double the rate of rowth, from 4 per cent to 8 per cent. Of course, this is a smaller jump if you compare it with the growth rate achieved in the Sixth Five-Year Plan, five per cent or five and a half per cent. This is a smaller jump compared with that. But when you take into consideration the growth rate over the entire forty year period actually it is a very big jump. Of course, this jump is desirable. I agree. But I want you to jump even more. To ten per cent. Why do I say ten per cent? This is because, if you have ten per cent growth rate, you will be able to achieve full employment in seven-eight years. But this four per cent growth rate will not enable you to achieve full employment. An eight per cent growth rate will enable you to achieve full emp-

loyment only in fifteen years. Therefore, difference in growth rate makes all the difference. If one were to say that the most pressing problem today is unemployment, then I would say that the earlier you can get rid of unemployment the better. Therefore, a growth rate of ten per cent will be feasible. Of course, if you can achieve a fifteen per cent growth rate, you can wipe out unemployment within a period of five years. But a fifteen per cent growth rate may not be possible. But there are some States like, for example, Haryana, and for a small period, even Gujarat, which have achieved very high growth rates. I do not know when the Planning Minister was the Chief Minister of Gujarat, what growth rate was achieved by Gujarat. But I would like to point out to everybody, to all persons in the country, that Surat is one city which has no unemployment. Why is it so? There is something to be learnt from what is happening in Surat. The same idea, the lesson that I have learnt from Surat, I am trying to bring in here.

The question is, what does the experience of forty years of planning suggest? Of course, we have made progress. I am not one of those who would say that we have not made any progress at all. We have made progress sufficient progress of which we can be some what proud. But considering the potential of the country, considering the urgency of the problems in the country, the progress we have made is pitiful. After all, what is it that we are lacking? The people of India; are they somewhat inferior? No. if we look at the history of India, we will know that India was one of the most developed countries in the world till about 250 years ago; people from all over the world came to India to learn, to buy things, to look at our wonders to learn how cloth was made, how spices were produced, to know about technology and so on. Sir, recently I was studying a book on rocketry. I found that the knowledge in regard to rocketry, the modern principles of rocketry, was first made available in India after that famous battle was fought with Tippu Sultan. The rockets that were let loose against the British forces were then taken to England, given to the scientists and they were asked to study, to redo the rocket and improve upon it. Therefore, India has been a developed country. We were a developed country till about 250 years ago. But suddenly, we have become an underdeveloped country. Now you can say that this is because of British imperialism and all that. I agree. But now we want to improve. We want to become a developed country. How can we do that? This is the key question. Sir, since it is now 5 p.m., I think ; I will stop here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): Still there is one minute.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: In addition, we should look around the world. What is happening in China? What is happening in Russia?

What is happening in Russia?

My Communist friends are little embarrassed here.

5.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI B. SATYANARAYAN REDDY): It is 5.00 now. You can continue next time. Now we will take up Half-an-Hour Discussion.

Mr. Malaviya will raise the discussion.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION ON POINTS ARISING OUT OF THE ANSWER GIVEN IN THE RAJYA SABHA ON THE 29TH JULY, 1988, TO STARRED QUESTION 41 REGARDINIG INCREASE IN THE AMOUNT OF SCHOLARSHIPS AND STIPENDS TO SCHEDULED CASTES AND SCHEDULED TRIBES STUDENTS.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी इस सदन में 29 जलाई को श्री अजीत जोगी जी ने एक प्रश्न उठाया था कि जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्र हैं उन छात्रों को जो छात्रवृत्ति या वृत्तिका की रकम की सहायता सरकार की ओर से दी जाती है वह बहुत ही कम है और उनका आशय यह था कि इसमें वृद्धि होनी चाहिए।

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

मान्यवर, हमारा जब संविधान बन रहा था, उसमें इस बात की व्यवस्था की गई थी कि समाज के ऐसे वर्ग के लोग जो बहुत ही गरीब हैं, गरीब स्थिति में रहते हैं और जिनके घर का वातावरण भी ठीक नहीं, स्वच्छ नहीं रहता है उनके लिए कोई आरक्षण चलाना चाहिए और आज भी आरक्षण चल रहा है जो कि बहुत आवश्यक है और इसी दृष्टि को देखते हुए सरकार ने यह भी योजना बनाई कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के जो बच्चे हैं अगर वे अपने घर में रहेंगे तो ठीक प्रकार से शिक्षा वह प्राप्त नहीं कर सकेंगे और अगर उनको अच्छी प्रकार से शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा होगी तो वे देश की भी सेवा कर सकेंगे और राष्ट्र के निर्माण के काम में लगेंगे तभी हमारा देश प्रगति करेगा। यह बात निर्विवाद है कि जब हमारा संविधान बना था उसके हमारे संस्थापक या उसके निर्माता स्वयं डा० अम्बेडकर थे और इस देश में जब हमारा देश आजाद हुआ तो डा० अम्बेडकर इस देश के पहले विधि और न्याय मंत्री बने। वह बहुत ही विद्वान थे और उन्होंने देश को एक नई दिशा दी। इस बात की ओर मैं इसलिए जोर दे रहा हूं कि समाज के इस तबके को यदि विशेष सहायता मिलेगी तो इस तबके के लोग आगे चलकर के राष्ट्र के निर्माण में बहुत योगदान दे सकते हैं और सन् 81 में मान्यवर, जब सैंसस हुआ था, मर्दमशुमारी हुई थी तो उसके हिसाब से जो अनुसूचित जाति के लोग हैं उनकी संख्या 10 करोड़ पचास लाख थी और मेरे हिसाब से यह संख्या आज के दिन कम से कम 12 करोड़ जरूर होगी और इसी प्रकार जो अनुसूचित जनजाति के लोग हैं उनकी संख्या उस समय 5 करोड़ 38 लाख थी और मेरे हिसाब से उनकी संख्या आज कम से कम 7 करोड़ जरूर होगी। इस प्रकार से हमारे देश की जो पूरी जनसंख्या है उसकी आबादी का करीब करीब 1/5 हिस्सा इस वर्ग से आता है और सरकार ने इस सिलसिले में कुछ प्रावधान भी किए थे और सन् 78 में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए सरकार के प्रयास के द्वारा गृह मंत्रालय ने एक आयोग का भी गठन किया। पहली बार 1978 में इस आयोग का गठन किया गया लेकिन आयोग को भी अपने कार्य में दिक्कतें आती हैं। इस सिलसिले में अभी आयोग ने अपनी सिफारिश दी हैं जिनकी चर्चा मैं बाद में करूंगा। लेकिन आयोग ने जो अपनी रिपोर्ट दी है गतवर्ष रिपोर्ट।

The Commission is greatly handicapped in performing its functions effectively because it does not enjoy constitutional status. This makes the Commission at times a helpless spectator of nonperformance and non-compliance. The situation needs to be remedied without further loss of time. It is, therefore, once more strongly urged that the Government of India urgently consider giving this Commission constitutional status.

फिर कमीशन ने आगे भी लिखा है :

We have also not been given powers under the Commission of Inquiry Act, 1952. Therefore, powers under the Commission of Inquiry Act, 1952, should also be conferred upon the Commission.

लेकिन यह सरकार उसकी उपेक्षा कर रही है। कमीशन जो सिफारिश कर रहा है, हर साल कमीशन अपनी रिपोर्ट देता है और हर साल कमीशन अपनी सिफारिश करता है कि हम को संवैधानिक अधिकार दिये जायें, हम को कन्स्टीट्यूशनल स्टेटस दिया जाये, हमको कमीशन आफ इंक्वायरी एक्ट के तहत अधिकार दिये जायें जिससे हम ठीक से अपना काम कर सकें लेकिन इस सिलसिले में सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। इसलिये मैं मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि 1985 से इस काम को जिसकी चर्चा हुई है उस मंत्रालय में संबद्ध किया था लेकिन 85 में इस सरकार ने एक नया मंत्रालय बनाया, कल्याण मंत्रालय के नाम से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों का जो मामला है वर्तमान मंत्रालय से संबद्ध करता है। इस प्रश्न से और उत्तर से तीन प्रश्न पैदा होते हैं। एक सवाल यह है कि जो छात्रवृत्ति या

वृत्तिका स्कालरशिप मिलती है वह बहुत कम है और दूसरा प्रश्न यह है कि जो स्टाइपेंड निश्चित हो चुका है उसमें वृद्धि की जानी चाहिये । हर साल जिस प्रकार से महंगाई बढ़ती है उसके हिसाब से उसमें बृद्धि की जानी चाहिये । क्योंकि जो रुपया है उसका अवमूल्यन हो रहा है । तीसरा प्रश्न यह पैदा होता है और मंत्री जी ने स्वयं उत्तर में स्वीकार किया था कि बदलते हुये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर स्वतः संशोधन करना व्यावहारिक नहीं है । जिस तरीके से महंगाई बढ़ रही है अगर उस तरीके से स्कालरशिप या स्टीपेंड में वृद्धि करेंगे ।....

कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी) मैंने आटोमेटिक शब्द यूज किया था । आप जो कह रहे हैं उसमें और आटोमेटिक में फर्क हो जाता है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : बदलते हुये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर स्वतः संशोधन करना व्यावहारिक नहीं है । अंग्रेजी में तो ठीक है । लेकिन कमीशन ने यह रिकमेंडेशन दी थी । जिस कमीशन की मैं चर्चा कर रहा हूं । उसी कमीशन ने यह रिपोर्ट दी थी, पांचवी रिपोर्ट की और ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । 1982–83 की रिपोर्ट है । उसके पेज 10 पैरा 5.11 में कमीशन ने खुद संस्तुति की है :

The cost of living index has increased sharply during the last two years, eroding the purchasing power of rupee. An upward revision in the rates of scholarships and income limits is therefore urgently called for.

यह रिपोर्ट दी 1982–83 में और आज 88 हो गया है और परसों या नरसों मंत्री जी ने यह उत्तर दिया कि यह संभव नहीं है । तो किस बात के लिये यह कमीशन बैठाया गया । जब कमीशन के पास कोई अधिकार नहीं है, कमीशन ने जो संस्तुति दी है उनको आप सुनते नहीं हैं । समाज का जो सबसे बड़ा कमजोर बर्ग है उसके बारे में जो संस्तुति दी है सरकार उसकी सुनवाई नहीं करती है । कमीशन जो रुपये की कीमत है उसकी भी चर्चा की है । 1960 में जो रुपये की कीमत थी 100 पैसे थी । 1980 में घट कर 25.64 हो गयी । 1981 में 22.68 और 1982 में 21.5 और 1983 में 18.80, 1984 में 17.36 और 1985 में 16.64 और 1986 दिसम्बर में 14.53, 1987 दिसम्बर में 13.70, 88 जनवरी में 13.28 और 88 मई में 12.97 । जुलाई में और घट गयी होगी । जो आवश्यक चीजें हैं उनमें वृद्धि कम से कम 25 परसेंट से लेकर 40 परसेंट तक हो गयी है ।

In 1986 it was revised. The Minister may correct me. Probably in the year 1986 it was revised.

हमारे पास 1986–87 की वार्षिक रिपोर्ट है । इसमें स्कालरशिप और स्टाइपेंड की चर्चा है । इसमें कहा गया है :

"Pre-matric scholarships for the children of those engaged in unclean occupations".

"The main object of the scheme is to provide good quality of education to the children of those engaged in unclean occupations, viz. scavenging, flaying and tanning by keeping them away from the unhygienic surroundings under which their parents live. The sweepers who have traditional link with the job of scavenging have also been included under the scheme from the year 1986-87. The rates of scholarships have also been enhanced from Rs. 145 p.m. to Rs. 200 p.m. per student for classes VI to VIII and Rs. 250 p.m. per student for classes IX to X for meeting the expenditure...". Now mind "expenditure".

"...on tuition fees, cost of boarding and lodging, cost of books etc. and other equipment and other incidental charges."

मैं यह जानना चाहता हूं कि 200 रु. में और 250 रु. में क्या आज के दिन कोई अपनी समस्याओं को हल कर सकता हैं ? कई स्थानों में तो उनको मकान भी किराये पर लेना पड़ता है । क्या कोई लड़का दो सौ रुपये में या ढाई सौ रुपये में शिक्षा प्राप्त कर सकता है ?

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

किताबें खरीद सकता है, कपड़े बना सकता है, और साथ साथ इक्वीपमेंट भी खरीद सकता है ? अभी परसों की श्री कपिल वर्मा और श्रीमती वीणा वर्मा के पाठ्य पुस्तकों के मूल्यों में वृद्धि के संबंध में तारांकित प्रश्न संख्या 101, दिनांक 3-8-88 को सरकार ने इस बात को स्वीकार किया है कि टेस्ट बुक्स के मूल्यों में वृद्धि हुई है । सरकार ने इस बात को माना है कि पाठ्य पुस्तकों के मूल्य में 5 पैसे से 5 रु. 45 पैसे तक की श्रृंखला में वृद्धि हुई है । कुछ अन्य पाठ्य पुस्तकों के मूल्य में तो लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें एक रुपता का भी प्रश्न है । इनमें यूनिफार्मिटी होनी चाहिये । मैं सरकार का ध्यान एकरूपता की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । मेरे पास छात्रवृत्ति के सिलिसिले में कुछ आंकड़ें हैं । विभिन्न राज्यों में जो आर्थिक सहायता दी जा रही है उसमें बहुत ज्यादा अन्तर है । गुजरात में स्कालरशिप 140 रु. से 240 रु. सालाना है और हरियाणा में 16 रु. प्रति माह है । हिमाचल प्रदेश में 8 रु. और 15 रु. प्रतिमाह है और उत्तर प्रदेश में जहां से माननीय मंत्री महोदया भी आती हैं वहां पर 33 रु. से 22 रु. प्रतिमाह है और वह भी ऐसे लोगों के बच्चों को मिलेगा जिनकी सलाना आय 6 हजार रुपये तक की है । केरल में 20 रु. से लेकर 80 रु. प्रतिमाह है । राज्य सरकारों को यह सहायता केन्द्रीय सरकार देती है । तो मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं । लेकिन इतना कहता हूं और तीन बातों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । एक तो यह कि जो कमीशन है उसको संवैधानिक मान्यता, कांस्टिट्यूशनल स्टेटस मिलना चाहिये । दूसरा, जो स्कालर-शिप मिलता है उसमें एकरुपता हो । इसके लिये केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को अनदान दें, उनकी आर्थिक सहायता करे ताकि वे कम से कम ठीक ढंग से अपनी शिक्षा प्राप्त कर सकें । तीसरा मेरा निवेदन यह है कि जो वर्तमान दरें हैं, स्टाइफंड में जो वृद्धि हुई है उसको शीघ्र अदा कर दें । इस सिलिसिले में मैं इस बात का निवेदन करना चाहता हूं कि इस बात का प्रावधान किया जाना चाहिये कि जैसे जैसे महंगाई की दरों में वृद्धि हो उसमें भी वृद्धि की जायेगी । जैसे सरकारी कर्मचारियों के लिये है, पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों के लिये हैं । उनकी मंहगाई की दरों में हर तीन माह बाद वृद्धि होती है । जो गरीब बच्चा है उसका जीवन स्तर भी उठना चाहिये । यह सारा राष्ट्र चाहता है कि जो ऐसे बच्चे हैं उनकी आपको सहायता करनी चाहिये । इस प्रकार मेरे तीन सवाल हो गये हैं । पहला

"The question of enhancement of rates of maintenance allowance, upward revision, in the means test etc. had been engaging attention of the Government for quite some time and the high-level official committee under the Chairmanship of the Additional Secretary in the Ministry with representatives from the Ministries of Human Resource Development, Finance and Planning Commission set up to review the scheme has submitted its report. The recommendations made by the Committee are under the consideration of the Government."

Last year also the reply was 'the matter is under the consideration of the Government'. Now, the word 'consideration' is preceded by the word 'active'. Last year it was under consideration: this year it is under active consideration.

मेरा निवेदन यह है कि रिपोर्ट आ गई है इसलिये तुरन्त वृद्धि कराइये और इसकी घोषणा करिये और जो गरीब तबके के लोग हैं उनका जीवन स्तर सुधारने में सहायता करें । धन्यवाद ।

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने पहली बात यह कहीं कि कमीशन की रिपोर्ट जो 1982-83, 1983-84 की है, जिसमें यह कहा गया है कि कमीशन की हेलपलेस तरीके से रखा गया है, उसको पावर मिलनी चाहिये ताकि वह एफेक्टिव हो सके । इसके लिये जो कमीशन ने सजेस्ट किया है उसे मान लेना चाहिये । जैसा कि आप जानते हैं कांस्टिट्यूशन की धारा 3(38) के अनुसार स्टेट्यूटरी पावर कमी-

श्नर के पास है और दो सीनियर सेक्रेटरी उसके साथ लगाये गये हैं जोकि शैड्यूल्ड कास्ट और शैडयल ट्राइब्स की प्राबलम को देखेंगे। एक सीनियर सेक्रेटरी पी. एम. आफिस में लगाया गया है, इम्लीमेंटेशन पार्ट को देखने के लिये। इस तरह कमीशन को नया रूप दिया गया है। कमीशन जब बनाया गया था, जिस रेजोल्यूशन के आधार पर बनाया गया था उसमें भी कमीशन आफ इन्क्वायरी ऐक्ट की पावर उसको नहीं दी गई थी। बहुत सोच विचार करने के बाद, इन वर्षों में जिस तरह से काम हुआ उसको देखते हुए उस आफिस को सशक्त बनाया गया है। *जैसे मैंने बताया दो सीनियर सेक्रेटरी यहां* लगाये गये हैं और कमिश्नर की पोस्ट जो पहले कमीशन के साथ मिला दी गई थी उसको हटा कर कमिश्नर के आफिस को पूरी तरह से सशक्त किया गया है और इस कमीशन को नेशनल कमीशन की संज्ञा देकर इसके काम का अलग बंटवारा कर दिया गया है। यह जरूरी नहीं है कि जितनी भी रेकमेंडेशस जिस रूप में कमीशन की तरफ से की जाती है उनको उसी रूप में गवर्नमेंट स्वीकार करेगी। गवर्नमेंट जो प्रैक्टिकल साइड है, जो व्यवहारिता की दृष्टि से संभव है उसको कर सकती है। जैसा कि मैंने उस दिन जवाब देते हुए कहा था कि यह सही है कि जो कास्ट आफ लिविंग बढ़ रही है, जो कीमतें बढ रही हैं समय-समय पर इन कीमतों का भी ध्यान रखा जाता है। लेकिन जब कीमतों का ध्यान रखते हुए रिवीजन किया जाता है तो आटोमेटिक रिवीजन का कहीं पर प्रावधान नहीं रखा जाता है। जब भी रिवीजन किया जाता है इस बात का एवेज देख कर कि कितना ज्यादा बढ़ाया जा सकता है और साथ-साथ कठिनाइयां भी कम हो। हरिजन छात्र के हर लेवल पर प्रि मैट्रिक के जो स्कालरशिप हैं वह तो स्टेट गवर्नमेंट्स देखती हैं लेकिन पोस्ट मेट्रिक जो स्कालरशिप्स ओपन एंडिड स्कीम है। जितने लाख बच्चे पिछले साल पा चुके हैं स्कालरशिप्स उसके बाद इस साल और जितने लड़के ऐड होंगे उनकी जिम्मेदारी सेंट्रल गवर्नमेंट पर होती है और वह हम स्टेट गवर्नमेंट को दे देते हैं। पिछले वर्ष 10 लाख के करीब छात्र थे इस बार अगर डेढ़ लाख और बढ़ गये तो डेढ़ लाख के लिए जिन स्टेटस में जितनी संख्या में जिस प्रोपोरशन में स्टुडेंट्स बढ़े हैं उन स्टेट्स को उसी अनुपात में स्कालरशिप्स की रकम दी जाती है। इस तरह से हमारे पास आंकड़े हैं वह यह बताते हैं कि यह जो वृद्धि होती गई है उस वृद्धि में संख्या आज बढ़कर के इस वर्ष 12 लाख तक पहुंचने वाली है। यह पोस्ट मैट्रिक की है। जहां तक माननीय सदस्य ने कहा कि पहले भी पिछले वर्ष कहा गया था अंडर कंसीडरेशन और इस बार कहा गया *एक्टिव कंसीडरेशन, मैं माननीय सदस्य* से कहना चाहती हूं कि हमारी जो हाई लेवल कमेटी बनाई गई थी जिसमें कि मैम्बर्स एडिशनल सेक्रेटरी प्लानिंग कमीशन के थे, ह्यूमेन रिसोर्स डेवलपमेंट के भी थे, फाइनेंस मिनिस्ट्री के थे उन्होंने दो अप्रैल को 1986 को मीटिंग रखी थी पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के मामले को देख कर शैड्यूल्ड कास्टस और शैड्यूल्ड ट्राइब्स के मामले में कमेटी ने अपनी मीटिंग करने के बाद 10 मार्च, 1987 को इसकी आखिरी मीटिंग हुई और पूरी डिटेल में यह कमेटी गई उसके और बाद जो भी कमेटी की रिपोर्ट थी उनमें से कुछ चीजों को हमने स्वीकार कर लिया जो कि हमारे डिपार्टमेंट के लिए वैलफेअर मिनिस्ट्री जिसको कर सकती थी उसको स्वीकार करके जैसे कि किस तरह से जल्दी देनां चाहिये, डिले नहीं करनी चाहिये उन सबके लिए गाइडलाइंस हमने स्टेट्स को भेज दी। जहां फाइनेंस का सवाल था अधिक रुपए देने की बात थी उसके लिए प्लानिंग कमीशन को लिखा गया उनसे बातचीत चलती रही और अभी जून के महीने में प्लानिंग कमीशन ने कहा है कि कितना बढ़ा सकते हैं। इसमें दो प्रश्न थे एक तो स्कालरशिप की रकम कितनी बढ़ाई गई जैसे आपने कहा कि यह कम है। हमारे पास जो आंकड़े हैं मेडिकल इंजीनियरिंग में प्रेजेंट रेट 185 होस्टेलियर्ज के लिए है और डेज स्कालर्ज के लिए 100 रुपये है हमने इन दोनों में वृद्धि करने की बात की है। इसी तरह से इंडियन मेडिसिन डिप्लोमा

[डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी]

इन इंजीनियरिंग जो बी ग्रुप है इसमें प्रेजेंट रेट होस्टेलियर्ज के लिए 125 है और डेज स्कालर्ज के लिए 100 रुपये हैं। सी ग्रुप में पोस्ट ग्रेजुयेशन इन आर्ट साइसेज इत्यादि में 125 रुपये होस्टलियर्ज के लिए और 100 रुपये डेज स्कालर्ज के लिए है। डी ग्रुप जनरल डिग्री कोर्सेज में 115 रुपया है, डे स्कालर्ज के लिए 70 रुपया है। ई ग्रुप 10+2 क्लासेज में 75 रुपया होस्टलर्स के लिए और 50 रुपया डे स्कालर्स के लिए है। जो रिपोर्ट आफ हाई लेविल आफिशियल कमेटी आन पोस्ट मैट्रिक स्कालरशप स्कीम फार शिड्यूल्ड कास्ट एण्ड शिड्यूल्ड ट्राइब्स है इसमें आपने जो सुझाव दिये हैं उन सुझावों को देखते हुए इस बात का ध्यान रखा है कि आज कीमतें बढ़ गई है और जो अभी तक प्रेजेंट रेट था वह कम था अत. इसको बढ़ाया जाये। साथ ही साथ पेरेंटस का भी जो इन्कम ग्रुप था उसको भी बढ़ाने के लिए सुझाव दिया गया है। कोशिश इस बात की है कि जो इन्कम टैक्स पेइंग ग्रुप की जो सीलिंग 20 हजार, 24 हजार या कुछ इस तरह से पड़ती है उस हद तक उसको पहुंचाया जा सके, 12 हजार की जगह ऊपर पहुंचाया जा सके। अभी हम इंतजार कर रहे हैं कि कंस हद तक प्लानिंग कमीशन हमें इसकी मंजूरी देता है। इसके पहले अभी मै इतना ही कह सकती हूं कि एक्टिव कंसीडरेशन जब मैं कहती हूं तो इसके माने हैं कि काफी हद तक हम जो बढ़ाना चाहते हैं उसके लिए हमारी कोशिश जारी है और हम आशावान है कि जो प्लानिंग कमीशन हमें मंजूरी देगा उससे काफी सब्सटेंशियल इन्क्रीज इन मदों में की जा सकेगी, हर लेविल पर ए, बी, सी, डी और ई, पांचों ग्रुपों में ही वृद्धि की जा सकेगी। केवल यह नही कि हम लोगों ने इसे आपको कहा ही है लेकिन इसके लिए हमारा पूरा प्रयत्न जारी है। अभी तक जैसे ग्रुप ए में इंजीनियरिंग, मेडिकल, बी० एस० सी० एग्रीकल्चर और बी.बी एस.सी. में 12 हजार पर एनम प्रेजेंट है, ग्रुप बी एण्ड ई में 9 हजार पर एनम का है तो इसको बढ़ाने की बात रखी गयी और और हमें आशा है कि इसमें हमें सफलता मिलेगी क्योंकि एक रीजनेबुल तरीके से सरकार का व्यू पाइंट है कि जो हरिजन और आदिवासी छात्र हैं जो होस्टलस में हैं जो डे स्कालस है इनको इतनी मदद दी जाये जिससे कि उनकी पढ़ाई अच्छी तरह से चल सके।

माननीय सदस्य ने प्री मैट्रिक की बात की है। प्री-मैट्रिक स्कालरशिप तो पूरी तरह से स्टेट गवर्नमेंट देती है। स्कालरशिप का रेट हर एक स्टेट में अलग-अलग है जैसा कि आपने पढ़ कर सुनाया। कुछ स्टेट्स तो क्लास 1 से 5 तक कुछ देती हैं और कुछ स्टेट्स मे वह नहीं दिया जाता है। आन्ध्र प्रदेश, केरल, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जे एण्ड के., उत्तर प्रदेश में तो क्लास 1 से 5 तक के लिये देते है। लेकिन बाकी स्टेट्स में थर्ड से एट्थ तक देते हैं, कहीं क्लास 6 से 8 तक देते हैं, कहीं क्लास 9 से 10 तक देते हैं। इनमें अलग-अलग रेट्स हैं। आन्ध्र प्रदेश में थर्ड से एट्थ तक एस. सी. के लिये 85 रुपये और एस.टी. के लिये 50 रुपये पर एनम है। बहुत कम है। मैं इसको मानती हूं कि बहुत कम है। लेकिन बाकी इनकी फीस इनसे नहीं ली जाती है। कुछ जगह पर सब लड़कों को देते हैं। कुछ स्टेट्स कुछ रेस्ट्रिक्टेड भी देते है, जैसे उत्तर प्रदेश में क्लासवाइज है। हर एक क्लास में दो दो लड़कों या लड़कियो को देते है। इसमें यह भी है कि एक परिवार के दो बच्चे पढ़ते हैं, तो दो से ज्यादा को नहीं देगे। कुछ लोगों ने ये भी रेस्ट्रिक्शंस लगा रखे हैं अतः इन सारी चीजों पर इस कमेटी ने गौर किया है और गौर करने के बाद अपनी रिकमेंडेशन्स भेजी हैं। वैसे अभी जो एक्सपेंडीचर दिया जा रहा है, जो पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप अभी तक दिया है 1985-86 में 9,777 लाख थां, इसमें 9,18,930 स्टूडेण्ट्स को यह मिल. है, 1986-87 में 11,351 लाख रुपये यह मिला है। 10,72,264 लड़कों को, 1987-88 में रुपये 11,764 लाख मिले जो कि लड़के हुए 11,97,378 और जैसा मैंने

कहा कि यह ओपन एंडेड स्कीम है और यह 1988–89 में और बढ़ जायेगी। हर साल में बढ़ता चला जाता है। आपने जो प्रश्न उठाया कि इतने लोगों को मिलता है, आगे के लिये मैं इतना ही कह सकती हूं कि गवर्नमेंट ने इस बात का पूरा ध्यान रखा है कि इसको बढ़ाया जाये और बढ़ाने के लिये हम प्रयत्नशील भी हैं और इसका रिइम्बर्समेंट जल्दी ही दिया जा सके, इसमें भी काफी सुधार हुआ है।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : वृद्धि के संबंध में कोई निश्चित अवधि आप बताइएगा।

डा. राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : जैसे मैंने बताया कि हमें पूरी आशा है, इस अकैडेमिक ईयर में हम निश्चित तारीख तो बता नहीं सकते, लेकिन इस अकैडेमिक ईयर में यह वृद्धि हम डिक्लेयर कर सकेंगे और दे भी सकेंगे।

उप सभाध्यक्ष (श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी) : श्री अजीत जोगी, जरा संक्षेप में बोलिये।

श्री अजीत जोगी : (मध्य प्रदेश) : उप सभाध्यक्ष महोदय, मैंने जो 29 तारीख को प्रश्न क्रमांक 41 इस संबंध में किया था, उसका संबंध इस राष्ट्र की लगभग 20 करोड़ आबादी से है जो कि आदिवासियों और अनुसूचित जातियों की है।

डा. राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी : परन्तु साढ़े 22 करोड़ की है।

श्री अजीत जोगी : मैंने 1981 की जनगणना के आधार पर अनुमानित जनगणना कही है। यह प्रश्न इसलिये महत्वपूर्ण है, क्योंकि न केवल स्वतन्त्रता के बाद किन्तु स्वतंत्रता के पहले भी जब राष्ट्रीयता महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतन्त्रता संग्राम चल रहा था तब से ही इस राष्ट्र ने यह प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि यह वर्ग जो हजारों वर्ष से पिछड़ गया है, अनन्य कारणों से उसे दूसरों के समकक्ष लाया जायेगा और यह तभी हो सकता है, जबकि उन्हें शिक्षित किया जाये। शिक्षा के लिये जो प्रयास किया जा रहा है, वह छात्रवृत्ति और वृत्तिका के माध्यम से किया जा रहा है। मैं संक्षेप में तीन या चार बिन्दु माननीय मंत्री महोदय के समक्ष रखना चाहता हूं पहला बिन्दु जो मेरे माननीय मित्र मालवीय जी ने विस्तार से समक्ष रखा है कि जो शिष्यवृत्ति और छात्रवृत्ति आज दी जा रही है, वह बहुत कम है। मैं तो यह कहूंगा कि जो कुछ आज दिया जा रहा है वह इस तरह है कि जैसे हम एक हाथ से दें और दूसरे हाथ से ले लें। वह इतना कम है कि किसी भी आदिवासी या हरिजन छात्र के लिये उतनी छात्रवृत्ति या शिष्यवृत्ति में अपनी शिक्षा प्राप्त करना असंभव है। मेरे पास सब प्रदेशों के आंकड़े तो नहीं हैं, मध्य प्रदेश के आकड़े मैं देख रहा था। उदाहरण के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिये मध्य-प्रदेश में होस्टल में रहने वाले छात्रों को 170 रूपये और होस्टल में न रहने वाले छात्रों को 110 रूपये प्रतिमाह दिये जाते हैं। उसी तरह से अन्य कालेजों में पढ़ने वाले छात्रों को 120 रूपये होस्टल में रहने वाले छात्रों को और 80 रूपये जो होस्टल में नहीं रहते, उन्हें दिये जाते हैं। ऐसे ही आंकड़े अन्य पाठ्यक्रमों के लिये हैं, अन्य कक्षाओं के लिये है। मैं भोपाल मेडकल कालेज में अभी एक माह पहले ही गया था, वहां भी छात्रों से चर्चा की और वहां के डीन से भी बात की, तो पता चला कि वहां आजकल जो छात्रावास में छात्र रह रहे हैं, उनके मैस को बिल ही तीन सौ रूपये से साढ़े तीन सौ रूपये प्रति माह आता है। और जबकि हम वहां के छात्रों को 120 रूपये प्रतिमाह कुल वजीफा, कुल स्कालरशिप दे रहे हैं। इसका अर्थ तो यह हुआ कि जो कुछ हम दे रहे है, उसमें तो वह बिल्कुल भी अपनी शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता है। उसके पास एक या दो विकल्प ही रहते हैं। पहला विकल्प तो यह कि वह अपनी पढ़ाई छोड़ दें, दूसरा विकल्प यह कि वह अपनी पढ़ाई के लिये कर्ज ले, तीसरा विकल्प यह कि अपनी पढ़ाई के लिये अपने माता-पिता की भूमि बेचें, अपने माता-पिता के मवेशी बेचे

[श्री अजीत जोगी]

